




राष्ट्र एवं राज्य के प्रगति पथ पर...

रायपुर एवं दुर्ग से प्रकाशित

# समय दर्शन

ESTD : Since 2011

संस्थापक : स्व. श्रीमती निलिमा खड़तकर

निष्पक्ष निर्भीक ख़बरों के साथ








वर्ष 14, अंक 81 | पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रूपये | दुर्ग, सोमवार 06 जनवरी 2025 | www.samaydarshan.in


## पहला कॉलम

### तमिलनाडु की पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट, 6 मजदूरों की हुई मौत

**चेन्नई।** तमिलनाडु से इस वक्त की बड़ी खबर सामने आ रही है। यहां विरुधुनगर जिले में एक पटाखा बनाने वाली फैक्टरी में विस्फोट हो गया है। इस विस्फोट की वजह से वहां काम कर रहे 6 मजदूरों की मौत हो गई है। विस्फोट के बारे में आशंका जताई जा रही है कि रसायनों को मिलाने की प्रक्रिया के दौरान यह धमाका हो गया, जिससे कम से कम एक कमरा क्षतिग्रस्त हो गया। इस कमरे में काम कर रहे 6 मजदूरों की मौत हो गई है। फिलहाल मौके पर राहत और बचाव का कार्य किया जा रहा है। इससे थोड़ी देर पहले ही एक अन्य घटना में तेलंगाना के यदाद्रि-भुवनगिरि जिले में भी एक फैक्ट्री में विस्फोट हो गया। यदाद्रि-भुवनगिरि जिले में शनिवार को हुए धमाके में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया। पुलिस ने घटना के बारे में जानकारी दी है।

### बोकारो में एनआईए की दबिश, नक्सल प्रभावित इलाकों में की छापेमारी

**बोकारो।** जिले में एनआईए की टीम ने दबिश दी है. बोकारो में नक्सलियों के बारे में महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर एनआईए की आठ टीमें पहुंची हैं. नक्सल प्रभावित गोमिया के विभिन्न थाना क्षेत्रों में एनआईए की टीम की छापेमारी जारी है. कई महत्वपूर्ण साक्ष्य मिलने की सूचना मिल रही है. बोकारो के पुलिस अधीक्षक मनोज स्वर्गियारी ने एनआईए की टीम के बोकारो आने की पुष्टि की है, पुलिस अधीक्षक की माने तो एनआईए की टीम नक्सलियों के संबंध में महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर आई है और वह नक्सलियों से संबंध रखने वाले और नक्सली संगठन के बारे में अपनी जांच में लगी हुई है. टीम बोकारो जिले के उन इलाकों में छापेमारी कर रही है, जो झुमरा पहाड़ के नाम से जाना जाता है. झुमरा पहाड़ और उसके आसपास के गांव नक्सल प्रभावित माने जाते रहे हैं.

### दिल्ली में स्कूल के बाहर छात्र की चाकू मारकर हत्या

**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली के शकरपुर इलाके में हत्या की घटना सामने आई है. यहां राजकीय सर्वोदय बाल विद्यालय में पढ़ने वाले दो छात्रों के बीच शुक्रवार को स्कूल के बाहर किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया. इस दौरान एक छात्र ने अपने साथियों को बुलाकर दूसरे छात्र पर चाकू से हमला कर दिया. घायल छात्र को अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई. मृतक नौवीं कक्षा का छात्र है और पूर्वी दिल्ली के मंडावली इलाके का रहने वाला था. पुलिस ने इस मामले में हत्या का मुकदमा दर्ज कर सात आरोपियों को हिरासत में ले लिया है और उनसे पूछताछ की जा रही है. पुलिस के मुताबिक, छात्र शुक्रवार को एक्स्ट्रा क्लास के बाद जब घर जा रहा था, तभी स्कूल के ही एक छात्र से उसका उसका झगड़ा हो गया. इसके बाद आरोपी छात्र ने अपने कुछ साथियों को भी वहां बुला लिया। और सभी ने मिलकर छात्र के साथ मारपीट की. इस दौरान आरोपियों में से एक ने चाकू निकालकर छात्र की जांघ पर वार कर दिया.

## पत्रकार हत्याकांड पर छत्तीसगढ़ में राजनीति

# बीजेपी और कांग्रेस में पोस्टरवार एक दूसरे पर साध रहे निशाना....

रायपुर/ संवाददाता



छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के युवा पत्रकार मुकेश चंद्राकर की नृशंस हत्या मामले में प्रदेश में सियासत गरमाई हुई है। इस हत्याकांड को लेकर आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई की जगह जमकर राजनीति हो रही है। बीजेपी और कांग्रेस के नेता दोनों एक दूसरे पर जमकर आरोप-प्रत्यारोप लगा रहे हैं। एक दूसरे पर निशाना साध रहे हैं। बीजेपी और कांग्रेस एक दूसरे पर हमलावर है। गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि मुख्य आरोपी ठेकेदार सुरेश चंद्राकर कांग्रेस का नेता है, तो वहीं कांग्रेस का कहना है कि बीजेपी ने हाल ही में उसे पार्टी में प्रवेश कराया है। वो हाल ही में सीएम दफ्तर भी पहुंचा था। बीजेपी एक हफ्ते का सीएम हाउस के आगंतुकों की लिस्ट जारी करें। दूसरी ओर कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने इस मामले में सरकार से जल्द कार्रवाई की मांग की है। प्रियंका गांधी ने इस मामले में राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए ट्वीट कर लिखा कि 'छत्तीसगढ़ के पत्रकार मुकेश चंद्राकर की हत्या का समाचार स्तब्ध करने वाला है। खबरों के मुताबिक, मुकेश ने अपनी रिपोर्ट में भ्रष्टाचार का खुलासा किया था जिसके बाद उनकी बेरहमी से हत्या कर दी गई। मेरी राज्य सरकार से मांग है कि इस मामले में सख्त और त्वरित कार्रवाई हो, दोषियों को कड़ी सजा मिले और दिवंगत के परिजनों को उचित मुआवजा एवं नौकरी पर विचार किया जाए। बीजेपी ने आरोप लगाया कि सुरेश चंद्राकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के करीबी हैं। आरोपी मुकेश चंद्राकर के साथ बैज की तस्वीरें पोस्ट करते हुए लिखा कि दीपक बैज ने ही सुरेश को कांग्रेस पार्टी के एससी मोर्चा के प्रदेश सचिव पद से सम्मानित किया था। कांग्रेस की तथाकथित 'मोहब्बत की दुकान' से तरह-तरह के आपराधिक सामान बिक रहे हैं - आखिर सभी सेल्समैन अपराधी हैं। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि कांग्रेसी ठेकेदार सुरेश चंद्रकार जो इस मामले में प्रमुख आरोपी है। वर्तमान में छत्तीसगढ़ कांग्रेस अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश सचिव के पद पर कार्यरत हैं। गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने व्यापक अभियान चला रही है। उसकी संपत्तियों और वित्तीय लेन-देन की गहन जांच की जा रही है। अब तक आरोपी कांग्रेस नेता के तीन बैंक खातों को होल्ड कराया गया है।

### प्रदेश में पत्रकार सुरक्षित नहीं : अध्यक्ष दीपक बैज

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि प्रदेश में पत्रकार सुरक्षित नहीं है। प्रदेश की बिगड़ती कानून व्यवस्था अब असहनीय हो चुकी है। राजधानी से शुरू हुआ हत्याओं का खौफनाक मंजर अब बस्तर तक पहुंच गया है। मुख्यमंत्री की बस्तर में मौजूदगी के दौरान ही जगदलपुर में एक चिकित्सक की पत्नी की हत्या हो गयी। प्रदेश की बिगड़ चुकी कानून व्यवस्था का शिकार अब लोकतंत्र का चौथा स्तंभ भी हो रहा है। पत्रकार को अपनी निष्पक्ष पत्रकारिता की कीमत जान देकर चुकानी पड़ रही है। पत्रकार का शव साय राज में सेप्टिक टैंक में मिल रहा है।

### सरकार की प्राथमिकता में कानून व्यवस्था नहीं

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि भाजपा सरकार की प्राथमिकता में कानून व्यवस्था है ही नही। इसलिये अपराधिक घटनाये बढ़ रही है। सरकार अपराधियों पर लगाम कसने के बजाये उनकी संरक्षक बन गयी है। प्रदेश की कानून व्यवस्था दिनोंदिन और बिगड़ते जा रही है और सरकार मूकबधिर बनकर बैठी हुई है अब तो हत्या, अपराध की घटनाये बर्दाशत के बाहर हो गयी है।

## अटकलों पर विराम

# 10 जनवरी से पहले होगा मंत्रिमंडल का विस्तार,दो से तीन मंत्री लेंगे शपथ

रायपुर । संवाददाता



छत्तीसगढ़ में सीएम विष्णुदेव साय सरकार के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार का पहला मंत्रिमंडल विस्तार 10 जनवरी से पहले हो सकता है। खबर है कि दो मंत्रियों को शपथ दिलाने की तैयारी चल रही है। हालांकि हरियाणा के फार्मूले पर तीसरे मंत्री के लिए भी सकार विचार कर रही है। क्षेत्रीय संतुलन साधने के हिसाब से रायपुर, बिलासपुर और बस्तर से मंत्री बनाए जा सकते हैं। उल्लेखनीय है कि, छत्तीसगढ़ में दिसंबर 2023 में मुख्यमंत्री के साथ 12 मंत्रियों ने शपथ ली थी। मंत्री का एक पद खाली रखा गया था। इसी बीच लोकसभा चुनाव के पहले सरकार के मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। इस वजह से सरकार में मुख्यमंत्री के साथ 11 मंत्री हो गए थे। इस तरह वर्तमान में पारंपरिक तौर पर दो मंत्रियों की जगह खाली है। उच्च पदस्थ सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार राज्य सरकार इस बात पर भी विचार कर रही है कि यहां भी हरियाणा की तरह 13 मंत्री बनाए जाएं। हरियाणा में भी 90 सदस्यों की विधानसभा है। लेकिन यहां कभी भी 13 मंत्री नहीं बनाए गए। अब अगर सरकार हरियाणा का फार्मूला लागू करती है तो मंत्रियों की संख्या 13 हो जाएगी। लिहजा इस संबंध में सरकार अभी विचार कर रही हैं।छत्तीसगढ़ में भाजपा के पास कई वरिष्ठ और अनुभवी विधायक और पूर्व मंत्री रह चुके विधायक भी हैं, जिन्हें साय सरकार में भी मंत्री पद का दावेदार माना जा रहा है। इन नामों में पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल, राजेश मूणत, धरमलाल कौशिक, अजय चंद्राकर के नाम हैं। इसी क्रम में मौजूदा प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरणदेव का भी नाम दावेदारों में लिया जा रहा है।

## बिधूड़ी के बिगड़े बोल

# चौतरफा घिरने के बाद ढीले पड़े रमेश के बोल प्रियंका गसे मांगी माफी



नई दिल्ली/ एजेंसी

बीजेपी के पूर्व सांसद और अब कालकाजी सीट से भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार रमेश बिधूड़ी ने प्रियंका गांधी पर दिए गए विवादास्पद बयान पर चौतरफा घिरने के बाद माफी मांगी है। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, किसी संदर्भ में मेरे द्वारा दिए गए बयान पर कुछ लोग गलत धारणा से राजनीतिक लाभ के लिए सोशल मीडिया पर बयान दे रहे हैं, उन्होंने कहा कि मेरा आशय किसी को अपमानित करने का नहीं था, लेकिन फिर भी अगर किसी भी व्यक्ति को दुख हुआ है, तो मैं खेद प्रकट करता हूं। किसी संदर्भ में मेरे द्वारा दिये गये बयान पर कुछ लोग ग़लत धारणा से राजनैतिक लाभ के लिए सोशल मीडिया पर बयान दे रहे है।

### पहाड़ी राज्यों में आज से फिर शुरू होगी भारी बर्फबारी, बारिश की भी है चेतावनी

**नईदिल्ली।** पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से पहाड़ी राज्यों में शनिवार से लेकर बुधवार तक भारी बर्फबारी की चेतावनी जारी की गई है। इसके चलते आस-पास के मैदानी इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश की संभावना जताई गई है। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) के मुताबिक, जनवरी के पहले सप्ताह में तापमान में भारी गिरावट के साथ कोहरे का कहर जारी रहेगा। साथ ही तेज हवाओं के चलते शीतलहर का प्रकोप देखने को मिलेगा।

## मुठभेड़ में डीआरजी एक जवान शहीद

# छत्तीसगढ़ के दक्षिण अबूझमाड़ में नक्सलियों के साथ मुठभेड़ में चार नक्सलियों के मारे.....

**दंतेवाड़ा।** छत्तीसगढ़ के नारायणपुर और दंतेवाड़ा जिले के सीमावर्ती दक्षिण अबूझमाड़ क्षेत्र में सुरक्षाबलों की नक्सलियों के साथ हुई मुठभेड़ में अब तक 4 नक्सलियों के मारे जाने की खबर है। नक्सलियों के साथ चल रहे मुठभेड़ में दंतेवाड़ा डीआरजी का जवान प्रधान आरक्षक सन्नू कारम शहीद हो गए हैं। वहीं सर्च ऑपरेशन के दौरान अब तक 4 वर्दीधारी नक्सलियों का शव बरामद किए गए हैं। जवानों ने एके 47, स्जैसे आटोमैटिक हथियार भी बरामद किए हैं। जानकारी के अनुसार नक्सल विरोधी सर्च अभियान में 3 जनवरी को नारायणपुर, दंतेवाड़ा, जगदलपुर, कोंडागांव



जिले की डीआरजी के साथ एसटीएफ की संयुक्त पार्टी अबूझमाड़ इलाके में सर्चिंग के लिए रवाना हुई थी। जवानों को देखते ही माओवादियों ने फायरिंग शुरू कर दी। जवानों ने भी मोर्चा संभाला और जवाबी फायरिंग की। 4 जनवरी की शाम को जवानों और नक्सलियों के मुठभेड़ हुई। माओवादी रुक-रुक फायरिंग भी करते रहे। फोर्स ने माओवादियों को घेर रखा है। सीएम विष्णुदेव साय ने सोशल मीडिया पर लिखा- 'नारायणपुर और दंतेवाड़ा जिले के सीमावर्ती दक्षिण अबूझमाड़ क्षेत्र में सुरक्षाबलों की नक्सलियों के साथ हुई मुठभेड़ में अब तक 4 नक्सलियों के मारे जाने की खबर है। मुठभेड़ में डीआरजी के जवान प्रधान आरक्षक सन्नू कारम के शहीद होने की भी दु:खद खबर प्राप्त हुई है। उनका यह बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा, नक्सलवाद के खिलाफ सुरक्षाबल के जवान बहुत ही मजबूती से लड़ाई लड़ रहे हैंऔर उसके खात्मे तक यह लड़ाई जारी रहेगी।

# मोदी जी के गांरटी के वादों को पूरा कर रही छत्तीसगढ़ शासन - मुख्यमंत्री साय

## सीएम श्री साय ने गरियाबंद जिले को दिए विभिन्न विकास कार्यों की सौगात

### जिले में 338 करोड़ रूपये के 193 विकास कार्यों का किया लोकार्पण एवं भूमिपूजन

**गरियाबंद (समय दर्शन)।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एक दिवसीय प्रवास के तहत आज गरियाबंद जिला मुख्यालय पहुंचे। उन्होंने पुलिस परेड ग्राउण्ड में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होकर जिले को विभिन्न विकास कार्यो की सौगात दी। उन्होंने 338 करोड़ रुपए के 193 कार्यों का लोकार्पण भूमिपूजन किया।इनमें 119 करोड़ रुपए के 44 कार्यों का लोकार्पण तथा 219 करोड़ रुपए के 149 कार्यों का भूमिपूजन शामिल है।साथ ही 99 हितग्राहियों को 1 करोड़ 27 लाख रूपये राशि के सामग्री वितरण किया। इसके अलावा विभागीय स्टॉल का अवलोकन कर मौके पर ही हितग्राहियों को कृषि पंप,मछली जाल,आदि योजनाओं से लाभान्वित किया।मुख्यमंत्री श्री साय ने जिले के दूरस्थ वनांचल क्षेत्र देवभोग-झाखरपारा के 36 गांवों के लोगों की सुविधा के लिए बेलाट नाले पर पुल निर्माण की घोषणाा की।इससे आसपास के हजारों लोग लाभान्वित होंगे।इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने विशाल जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ शासन लोगों की भलाई एवं हित के लिए सदैव तत्पर है।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा विकास के दिये गये गारंटी अनुरूप शासन काम कर रही है।उन्होंने कहा कि मोदी जी की गारटी के वादों को पूरा करके लोगों को लाभान्वित किया जा रहा है।इसी कड़ी में आज जिले को विभिन्न कार्यो की सौगात दी गई है। इससे जिले में विकास की गंगा बहेगी।उन्होंने कहा कि नये सरकार गठन के बाद पहली बार गरियाबंद जिला मुख्यालय आकर




आत्मीय अनुभव हो रहा है।उन्होंने आत्मीयता के साथ स्वागत अभिनंदन के लिए नागरिकों का आभार जताया।मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि जिला प्रशासन गरियाबंद बधाई के पात्र है जिन्होंने नवाचार करते हुए अनुकम्पा नियुक्ति,आंगनबाड़ी नियुक्ति के लिए पहल की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने एक पेड़ माँ के नाम लगाने का अभियान आरंभ किया।इसमें एक ही दिन में गरियाबंद की माताओं-बहनों ने 87 हजार से अधिक पौधे लगाकर लिम्का बुक आफ वर्ल्ड रिकार्ड में नाम दर्ज करा दिया।इसके लिए सभी माताओं-बहनों को बहुत बहुत बधाई।उन्होंने कहा कि दसवीं-बारहवीं बोर्ड परीक्षाओं में अच्छे नतीजों के लिए यहां गौरव गरियाबंद अभियान चलाया जा रहा है।डिजिटल क्लास रूम और स्टूडियो के माध्यम से भी छात्र-छात्राओं को पढ़ाया जा रहा है,यह बहुत अच्छी बात है।इस अवसर पर जिले के प्रभारी मंत्री एवं खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल,महासमुन्द लोकसभा क्षेत्र की सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी, राजिम विधायक रोहित साहू,नगर पालिका परिषद् गरियाबंद अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार मेमन,पूर्व सांसद चंदूलाल साहू,चुन्नीलाल साहू,पूर्व मंत्री चंद्रशेखर साहू, पूर्व विधायक गोवर्धन मांझी,प्रशासनिक अधिकारियों में रायपुर संभागायुक्त महादेव कावरे,आईजी अमरेश मिश्रा, कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल,पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा,जिला पंचायत सीईओ रीता यादव,सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण सहित बड़ी संख्या में नागरिकगण मौजूद रहे।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि पीएम श्री मोदी के गारंटी अनुसार नये सरकार द्वारा 13 दिसम्बर 2023 को शपथ लेते हुए 14 दिसम्बर को 18 लाख पीएम आवास स्वीकृत किया गया। केंद्र सरकार ने 8.46 लाख से ज्यादा आवास की स्वीकृति दी है।इस बार पुनः 3 लाख से ज्यादा आवास की स्वीकृति मिलेगी। उन्होंने कहा कि गरियाबंद जिले में विशेष पिछड़ी जनजाति कमार के लोग रहते हैं। पीएम जनमन योजना अंतर्गत 2 हजार 528 से अधिक आवास गरियाबंद में हमारे कमार जनजाति के लोगों के लिए स्वीकृत किये गये हैं। इनमें 584 आवास पूर्ण भी हो चुके हैं। केवल आपके जिले में इस योजना के माध्यम से 58 करोड़ रुपए की लागत से 49 सड़कें बन रही हैं। इनकी बसाहट अब मुख्यधारा से जुड़ जाएगी। सिकासार कोडार लिंक परियोजना के सर्वे का कार्य तेजी से हो रहा है। 112 किमी अंडर ग्राउंड नहर लाइनिंग का कार्य पूरा होने पर गरियाबंद जिले के हजारों किसान लाभान्वित होंगे।सुपेबेड़ा के किडनी के मरीजों के लिए डायलिसिस सुविधा के लिए जिला मुख्यालय एवं देवभोग में डायलिसिस सेंटर आरंभ किये गये हैं। हम इस समस्या को जड़ से समाप्त करने में जुटे हुए हैं। स्वास्थ्य विभाग को रिसर्च के निर्देश दिए गए हैं। स्थाई रूप से इस समस्या का समाधान किया जाएगा।जब हमने कुंभ मेले का आयोजन राजिम में आरंभ कराया था तब त्रिवेणी संगम की इस नगरी में पूरे देश से संत-समागम हुआ। राजिम का यश और बढ़ा।अगले महीने राजिम कुंभ का आयोजन पुनः होगा। इस बार भी पूरी भव्यता से इस सुंदर समारोह का आयोजन हम करेंगे।राजिम में संत-समागम होगा और हम सब इस सत्संग का लाभ प्राप्त करेंगे।

इस अवसर पर जिले के प्रभारी मंत्री एवं खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल ने कहा कि लोगों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सरकार ने किसानों को दो साल का बकाया बोनस दिया।इसके साथ ही किसानों से 3100 रूपये प्रति क्विंटल की दर से 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान की खरीदी की जा रही है।किसानों को 72 घंटे के भीतर धान का पैसा उनके बैंक खातों में मिल जा रहा है।साथ ही प्रदेश की महिलाओं को भी सरकार द्वारा महतारी वंदन योजना के तहत प्रतिमाह एक हजार रूपये की राशि दी जा रही है।उन्होंने कहा कि मोदी जी की गारंटी में छत्तीसगढ़ निश्चित रूप से विकसित प्रदेश बनेगा। इस अवसर पर महासमुंद लोकसभा क्षेत्र की सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी ने कहा कि छत्तीसगढ़ में नये सरकार के गठन के पश्चात लगातार विकास के कार्य हो रहे है। जिसकी झलक हमने अभी विभागीय स्टॉलों के माध्यम से देखी।सरकार के गठन के बाद गरीबों को आवास दिलाने का महत्वपूर्ण कार्य मुख्यमंत्री श्री साय द्वारा किया गया।सरकार बनने के बाद अनुकंपा नियुक्ति, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता नियुक्ति एवं लखपति दीदी योजना में बेहतर क्रियान्वयन के फ्लस्वरूप प्रदेशवासी योजनाओं से लाभान्वित हो रहे हैं। कार्यक्रम में राजिम क्षेत्र के विधायक रोहित साहू ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री साय द्वारा जिले को आगे बढ़ाने विभिन्न कार्यो का लोकार्पण शिलान्यास किया गया है। उनके मार्गदर्शन में जिले में निरंतर विकास हो रहा है।उन्होंने मोदी जी के गारंटी को पूरा करने के लिए मुख्यमंत्री श्री साय का आभार जताया।उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के प्रयासों से पूरे जिले में विकास की गंगा बह रही है।उन्होंने गरियाबंद जिले में आवागमन के बेहतर साधन के लिए सरकार गठन के पश्चात 104 करोड़ रूपये के विभिन्न सड़क निर्माण की स्वीकृति प्रदान करने के लिए मुख्यमंत्री श्री साय का जिलेवासियों के तरफ से आभार जताया।

## संक्षिप्त समाचार

### अनुविभागीय पत्रकार संघ पाटन ने दी पत्रकार मुकेश चंद्राकर चंद्राकर को श्रद्धांजलि, आरोपियों को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग



**पाटन।** बीजापुर के युवा और साहसी पत्रकार मुकेश चंद्राकर को श्रद्धांजलि दिया। अनुविभागीय पत्रकार संघ पाटन ने मुकेश चंद्राकर की निर्मम हत्या की निंदा करते हुए कहा पत्रकारों के ऊपर लगातार हमला की घटना हो रही है। गौरतलब हो कि 3 जनवरी को मुकेश चंद्राकर का शव ठेकेदार के सेफ्टिक टैंक में पाया गया। पत्रकार संघ पाटन अध्यक्ष किशन हिरवानी ने कहा आज के दौर में पत्रकारिता आसान नहीं है। भ्रष्टाचारियों की काला कारनामा उजागर करने वाले पत्रकार को आए दिन धमकी मिलते रहता है या फिर जानलेवा हमला हो रहा है। सरकार पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करें। पाटन के पत्रकारों ने आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी, कर उन्हें कड़ी से कड़ी सजा देने , एसपी को सस्पेंड करने ,ठेकेदार की वैध और अवैध संपत्तियों की कुर्की, सरकारी टेंडर की निरस्तीकरण और बैंक खाते सीज करने की भी मांग की। मौके पर मुख्य रूप से संदीप मिश्रा, किशन हिरवानी,धनराज साहू, भेदप्रकाश वर्मा,टिकेंद्र वर्मा, राजू वर्मा,विवेक नारंग,दिलीप कुर्रे,हेमलता निषाद सहित अन्य उपस्थित थे।

### जामगांव आर महाविद्यालय में मनाया गया वीर बाल दिवस और सावित्रीबाई फुले जयंती



**जामगांव आर ।** शहीद डोमेश्वर साहू शासकीय महाविद्यालय जामगांव आर मे साहित्यिक समिति तथा राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा 3 जनवरी को सावित्रीबाई फुले की जयंती उनके शिक्षा और समाज क्षेत्र में किए गए योगदान को ध्यान में रखते हुए मनाई गई। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ शिखा अग्रवाल ने शिक्षा के क्षेत्र में उनके प्रयासों की सराहना करते हुए यह बताया कि उन्होंने महिला शिक्षा के लिए देश में प्रथम विद्यालय की स्थापना की और एक समाज सुधारक और दलितों के उत्थान के लिए कार्य किया। रा से यो प्रभारी श्रीमती चेतना सोनी ने शिक्षा के क्षेत्र के साथ-साथ सावित्रीबाई के द्वारा समाज की कुप्रथाओं को दूर करने के प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम में रासेयो छात्रा दामिन साहू द्वारा सावित्रीबाई फुले के जीवन चरित्र को बड़े ही सुंदर तरीके से समझाया गया. सभी ने उनके जीवन से सीख लेकर भविष्य में आगे बढ़ने की प्रतिज्ञा ली. इसके पूर्व वाणिज्य विभाग के विद्यार्थियों ने गुरु गोविंद सिंह जी के साहब जादो के बाबा फतेह सिंह और जोरावर सिंह जी के जीवन वृत्त पर निबंध और ड्राइंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। विद्यार्थियों ने परिचर्चा के माध्यम से देश के लिए किए उनके बलिदान को याद किया. कुसुम, मोहिनी, लीना, देविका सहित राष्ट्रीय सेवा योजना विद्यार्थियों ने इस दिन से सीख लेने की प्रतिज्ञा की।

### नि :शुल्क स्वास्थ्य शिविर का वार्ड वासीयो को मिला लाभ



**सरायपाली( समय दर्शन )।** नगर में संगम सेवा समिति एवं लाइफ़ केयर हॉस्पिटल द्वारा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है शिविर का शुभारंभ सराईपाली के वार्ड क्रमांक 9 झिलमिला से किया गया शिविर में आगंतुक मरीजो का शुगर बीपी थायरॉइड विभिन्न जाँच किया गया एवं मल्टी विटामिन की गोलीया अन्य दवाइयों को मुफ़्त प्रदान किया गया,अगले शिविर की जानकारी प्रदान करते हुए प्रखर अग्रवाल ने बताया कि तय समय के अनुसार शिविर का आयोजन 6 जनवरी सोमवार को वार्ड क्रमांक 8 में लगाया जाएगा

# इतना बेबस, निरिह, बेचारा ईसाई समाज कभी नहीं दिखा

**बिलासपुर (समय दर्शन0।** स्वतंत्र भारत के इतिहास में ईसाई समाज को इतना निरिह, बेबस कभी नहीं देखा गया। जैसा इस समय बिलासपुर में देखा जा रहा है। ये सब बिलासपुर में किसी गांव या सुदुर क्षेत्र में नहीं हो रहा है। 12 एकड़ की जमीन में स्थित जिन भवनों को जिला प्रशासन, नगर पालिका निगम मिलकर अपने अधिकार में कर रहे हैं और निगम के दफ्तर खुलवा रहे हैं उनकी दूरी कलेक्ट्रेट, निगम आयुक्त, राजस्व मंडल और जिला न्यायालय से मुश्किल से 2 से 3 किलोमीटर की दूरी पर है।




22 अगस्त 2024 के दिन जब जिला प्रशासन के मुखिया ने इस जमीन का लीज निरस्तीकरण आदेश जारी किया तब उसे आदेश में निरस्तीकरण का आधार यह बनाया गया कि लीज धारक को जिस उद्देश्य स्वास्थ्य सेवा संचालन के लिए भूखंड दिया गया उसने इससे इतर उसका उपयोग किया। अत: लीज निरस्त की जाती है जिले से प्रकाशित एक बड़े हिंदी दैनिक ने जिला प्रशासन के मुखिया का वक्तव्य छपा है। जमीन मूल स्वरूप में वापस होगी पर 12 एकड़ की इस भूखंड का बजाज मूल्य 10000 करोड़ बताया जाता है। कल तक जिन भवनों को भयप्रद बताया जा रहा था उसमें अब निगम के दफ्तर खोले जा रहे हैं, जो जमीन स्वास्थ्य सेवा के लिए आवंटित थी उसका लेंड यूज़ कुछ ही दिनों में कैसे बदल दिया और नजूल से आयुक्त और आयुक्त से राजस्व मंडल न्यायालयों में जिस तरह से सुनवाई में शिथिलता देखी गई व्यवहार न्यायालय में वाद के लंबित होने के बावजूद जिस तरह से प्रशासन ने भावनाओं पर कब्जा किया और उसमें अपने दफ्तर खोल दिए लगता है बहुसंख्यक शासक के सामने ईसाई समाज बेजार, निरिह, बेबस और बेहद कमजोर नजर आ रहा है।

कल 5 जनवरी रविवार है। और इसी परिसर में कलीसिया भी लगता है शायद चर्च प्रशासन को सद्बुद्धि मिले प्रार्थना के अतिरिक्त कुछ नहीं मांग सकता। यदि तीसरे दिन भी प्रशासन की कार्यवाही जारी रही तो अब कलीसिया और मकान की बारी है।

## मध्य ब्लॉक के प्रभारी के कार्यशाला आयोजित की गई

### प्रभारी अपने कार्यों को सजकता से कार्य करेंगे वोरा

**दुर्ग (समय दर्शन)।** मध्य ब्लॉक कांग्रेस कमेटी दुर्ग के द्वारा नवनियुक्त वार्ड प्रभारीयों की कार्यशाला राजीव भवन में आयोजित की गई। कार्यशाला में मुख्य रूप से पूर्व विधायक अरुण वोरा, पूर्व महापौर आर एन वर्मा, मध्य ब्लॉक कांग्रेस कमेटी दुर्ग के अध्यक्ष अलताफ अहमद विशेष रूप से उपस्थित रहकर प्रभारीयों को संगठन में कार्य के प्रति जवाबदारी दी गई। कार्यशाला में श्री वोरा ने कहा कि आगामी नगर निगम चुनाव को देखते हुए प्रभारी को बड़ी जिम्मेदारी दी गई है निश्चित ही वार्ड में कांग्रेस पार्षद प्रत्याशी चयन में आसानी होगी प्रभारी बूथ स्तर पर जाकर कार्यकर्ताओं की बैठक लेकर समन्वय बनाकर पार्टी हित में कार्य करेंगे। बैठक में नवनियुक्त वार्ड प्रभारी को नियुक्ति पत्र एवं आवश्यक सामग्री श्री अरुण वोरा जी के द्वारा प्रदान की गई। कार्यशाला का



संचालन ब्लॉक अध्यक्ष अलताफ अहमद ने एवं आभार प्रदर्शन ब्लॉक उपाध्यक्ष अशोक मेहरा ने किया। बैठक में कल्याण सिंह ठाकुर एवं वार्ड प्रभारी हेमंत तिवारी, जगमोहन ढीमर, गणेश सोनी, चंद्रशेखर पारख, श्रीमती बिंदु राजपूत, डोमारसिंह राजपूत,राहुल शर्मा, अलख नवरंग, रतन निषाद, यश बाकलीवाल, निशांत गोड़बोले, समयलाल साहू, पाशी अली, ब्लॉक अध्यक्ष राजकुमार साहू, पूर्व पार्षद विल्सन डिसूजा, पप्पू श्रीवास्तव, सैयद आसिफ अली उपस्थित थे।

## टाऊन हॉल में एनएसयूआई ने आयोजित किया 'युवा मन चो गोठ ' कार्यक्रम

### पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष हुए शामिल

**रायपुर (समय दर्श न)।** बस्तर सम्भाग मुख्यालय जगदलपुर के टाउन हॉल में रविवार को युवा मन चो गोठ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बस्तर सम्भाग के सभी जिलों से युवा सम्मिलित हुए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी पीसीसी चीफ दीपक बैज सहित अन्य कांग्रेसी नेता और पदाधिकारी शामिल हुए।

कार्यक्रम में युवाओं ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पीसीसी चीफ दीपक बैज और एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी से क्षेत्र में छात्रों को हो रही समस्याओं के विषय में और नक्सलवाद के मुद्दे पर प्रश्न पूछे जिसका जवाब नेताओं ने दिया।

नक्सलवाद से संबंधित प्रश्न का जवाब में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने नक्सलवाद खत्म करने के लिए नक्सली संवेदनशील क्षेत्र के लोगों से बातचीत कर इस समस्या का समाधान निकालने का प्रयास किया और ग्रामीणों को रोजगार से जोड़ा जिससे क्षेत्र में नक्सलवाद में कमी आई थी। परंतु बीजेपी सरकार में नक्सलवाद फिर से बड़ा है इस सरकार में स्कूली छात्रों को नक्सल उन्मूलन के नाम पर मारा जा रहा है ।आदिवासियों को नक्सली बताकर जेल भेजा जा रहा है,जबकि कांग्रेस सरकार ने जेल में बंद 1700 से ज्यादा आदिवासियों को रिहा

किया था। भूपेश बघेल ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने अपने कार्यकाल में नक्सली संवेदनशील क्षेत्रों में कई विद्यालय खोले थे ।परंतु बीजेपी सरकार में शहरों तक के विद्यालय बंद होने के कगार पर हैं।

एनएसयूआई छात्र के सवाल पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बीजेपी सरकार से लड़ने के उपाय बताते हुए कहा कि बीजेपी सरकार डरपोक सरकार है यह पहले डराती है ।

पर यदि डटकर मुकाबला किया तो बीजेपी डर कर भाग जाएगी। श्री बघेल ने कहा कि युवा देश के भविष्य हैं वह देश और प्रदेश में न्याय के लिए संघर्ष करने के लिए तत्पर रहे तभी देश की स्थिति सुधरेगी।

## कटेंगे तो बटेंगे, इस लिए हमें एकजुट रहना है-उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा



### विस अध्यक्ष डॉ रमन सिंह और उपमुख्यमंत्री पहुंचे सेलूद

### सेलूद में आयोजित गायत्री महायज्ञ में हुए शामिल

**पाटन।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह और उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा सेलूद में आयोजित गायत्री महायज्ञ में शामिल हुए। यज्ञ आयोजन समिति ने स्वागत किया।

मुख्य अतिथि डॉ रमन सिंह ने कहा कि मेरा सौभाग्य यह है कि मैं पिता की से प्रेरणा लेकर गायत्री परिवार कि शरण में आया। मुझे अत्यंत प्रसन्नता है कि गायत्री यज्ञ और जब हम उसे यज्ञ के और गायत्री परिवार के आचार्य श्री राम शर्मा जी को याद करते हैं तो युग महापुरुष और कहा जाता है। युग पुरुष हर युग में एक नए अवतार इस पृथ्वी पर आते हैं। नए अवतार के रूप में आचार्य श्री राम शर्मा जी का पृथ्वी में अवतरण हुआ। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि मैं बड़ा सौभाग्यशाली हु और मैं प्रार्थना करता हूं ईश्वर से और माता गायत्री से की सभी को यह प्रेरणा मिले कि सब वअपने क्षेत्र में भी इस तरह के आयोजन करवाये ।आने वाले समय में भी यह कार्यक्रम अनवरत होता रहे। समाज को उचित दिशा प्रदान करने वाले यह धारा और प्रबल हो। स्पष्ट संदेश है कि बटेंगे तो कटेंगे । इसलिए हम सब एकजुट होकर के अपने भारत को महान बनाएंगे। यही में कामना भी करता हूं। इस अवसर पर गायत्री परिजन सहित अन्य नागरिक मौजूद रहे।

सुबह से ही यज्ञ शुरू हुआ। इसके बाद दीक्षा संस्कार कराए गए। यज्ञ की पूर्णाहुति के बाद हरिद्वार से आई हुई टोली की विदाई दी गई। इस अवसर पर प्रमुख रूप से कार्यक्रम डॉ अरुण मढ़रिया, पूर्व विधायक डॉ दयाराम साहू, श्रीमती रामशिला साहू, संयोजक श्रीमती खेमिन साहू, खेमलाल साहू, अजय सिंह , नेत्रपाल सिंह, संजय यदु, अशोक सिंह, अशोक जैन, जिला पंचायत सदस्य हर्षा चंद्राकर, लोकमणि चंद्राकर, सहित अन्य मौजूद रहे।

## विभिन्न संस्कार के साथ हुआ दीप महायज्ञ, सेलूद में गायत्री महायज्ञ का आज होगा समापन

**पाटन।** ग्राम सेलूद में 24 कुंडीय शक्ति संवर्धन गायत्री महायज्ञ एवं श्रीमद् प्रज्ञा पुराण कथा और विराट महिला सम्मेलन के आयोजन के तीसरे दिन शनिवार को आज सुबह यज्ञ पूजन के साथ शुरुआत हुई । हरिद्वार से आए टोली के द्वारा भजनों की प्रस्तुति के साथ आज दिन की शुरुआत हुई । इसके बाद 24 कुंडिय गायत्री महायज्ञ में भक्तों ने आहुति डाली। आज काफी भीड़ रही। यज्ञ पूजन के बाद यज्ञ मंडप का भ्रमण भी किया। इस दौरान विभिन्न संस्कार भी निशुल्क कराए गए । दोपहर करीब 12: पूर्व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू का भी आगमन यज्ञ स्थल पर हुआ। उन्होंने प्रज्ञा टोली में आए सदस्यों का आशीर्वाद लिया। साथ ही साथ शांति कुंज हरिद्वार से पहुंचे टोली के द्वारा पूर्व मंत्री को आशीर्वाद देते हुए उनका सम्मान भी किया गया। यज्ञ समिति के द्वारा भी पूर्व मंत्री श्री साहू का मोमेंटो भेंट करके सम्मान किया गया। उन्होंने भी श्रीमती जयश्री वर्मा पूर्व जिला



पंचायत सदस्य एवं कांग्रेस नेता जवाहर वर्मा, खेमलाल साहू, अजय सिंह, नेत्रपाल व आयोजन समिति के सदस्यों के साथ यज्ञ मंडप का परिक्रमा भी लगाए। तीसरी दिवस के प्रथम पाली के समापन के बाद द्वितीय पाली के रूप में विराट महिला सम्मेलन का भी आयोजन किया गया। इस दौरान पूर्व मंत्री श्रीमती रमशिला साहू विशेष रूप से मौजूद रही। इसके अलावा जिला पंचायत सदस्य हर्षा चंद्राकर, सरपंच श्रीमती खेमिन साहू मौजूद रही। नारी उत्थान समाज को नई दिशा देगी इस विषय पर व्याख्यान भी हुआ। जिसमें महिलाओं को संबल बनाने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही साथ महिला सम्मेलन में महिलाओं की भी भागीदारी काफी अच्छी रही। इसके बाद शाम को दीप यज्ञ का आयोजन हुआ । शाम को दीप यज्ञ में पूरा यज्ञ मंडप दीप से जगमगा उठा । चारों तरफ जितने भी भक्तगण है सभी ने दीप यज्ञ में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

## छात्रहित और राष्ट्रहित में कार्य करने वाला एक मात्र संगठन अभाविप : डा. रमन सिंह

**राजनांदगांव।** आज अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद छत्तीसगढ़ के 57वां प्रदेश अधिवेशन का उद्घाटन आचार्य श्री विद्यासागर नगर में संपन्न हुआ। इस उद्घाटन समारोह को मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष डॉ1 रमन सिंह, विशेष उपस्थिति अभाविप के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. आशुतोष मंडावी, अभाविप के प्रदेश अध्यक्ष प्रोफेसर अमित बघेल, स्वागत समिति के अध्यक्ष पवन डागा, सचिव मूलचंद भंसाली, प्रदेश मंत्री यज्ञदत्त वर्मा, नगर मंत्री अक्षत श्रीवास्तव ने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया।

मुख्य अतिथि डॉ. रमन सिंह ने कहा कि इंदिरा सरकार के तख्तापलट में अभाविप के इमरजेंसी के भूमिका हमको याद है, देश की राजनीति में सूरज जैसा चमकता अनेकों नेता अभाविप ने दिया है। विखंडित भारत को संस्कारित बनाने 1948 से छात्रहित और राष्ट्रहित में कार्य कर रही है। उन्होंने आगे कहा दूसरे छात्र संगठन की रैली जब निकलती है, तब बाजार बंद हो जाता है, किंतु अगर अभाविप की रैली निकलती है, तो पुष्प वर्षाहोती है। 1990 में अभाविप ने कहा जहां हुआ तिरंगे का अपमान, वहीं करेंगे उसका सम्मान। डॉ.



रमन ने युवाओं से कहा कि छत्तीसगढ़ में इतने प्राकृतिक संसाधन है कि 100-200 साल भी खत्म नहीं होगा, इसके दम पर हम पूरे देश में 1 नंबर पर रहेंगे, इसे संभालने के लिए आप सभी को तैयार होना पड़ेगा।

राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. आशुतोष मंडावी न कहा कि माता बम्लेश्वरी, आचार्य श्री विद्यासागर जैसे अनेकों विशेषताओं के बीच यह अधिवेशन आयोजित है। आपातकाल के आंधी में भी अभाविप ने अपनी विशेष भूमिका निभाई थी, राम जन्मभूमि के आंदोलन में भी छात्रों ने संघर्ष किया। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का लागू होना अभाविप के सपनों को पूरा होने जैसा है। छात्रों की शक्ति को राष्ट्रीय शक्ति में बदलने में अभाविप ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाया है।

प्रदेश मंत्री यज्ञदत्त वर्मा ने कहा कि जनभागीदारी में घोटाला के विरोध में, हॉर्टिकल्चर यूनिवर्सिटी में प्राध्यापक भर्ती घोटाला के विरोध में अभाविप ने बड़ा आंदोलन खड़ा किया है, ना केवल आंदोलन किया कुलपति को हटाने में भी अभाविप ने संघर्ष किया।

स्वागत समिति के अध्यक्ष पवन डागा में सभी प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए स्वागत भाषण रखा। स्वागत समिति के सचिव मूलचंद भंसाली ने सभी नागरिकों का धन्यवाद किया।

सार समाचार

## दूसरे की जमीन को अपना बताकर की 10 लाख की ठगी

**रायपुर( समय दर्शन )।** दूसरे की जमीन को अपना बताकर 10 लाख की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर पुरानी बस्ती पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी डिकेश्वर सोनकर 31 वर्ष ग्राम खुड़मुड़ा अमलेश्वर का रहने वाला है। प्रार्थी ने पुरानी बस्ती थाना में शिकायत किया कि आरोपी उपेन्द्र चंद्राकर निवासी अश्वनी नगर पुरानी बस्ती ने ग्राम जमराव पाटन स्थित दूसरे की जमीन को अपना बताकर बयाना के तौर पर प्रार्थी से 10 लाख रुपए ले लिया। जब प्रार्थी को इस बात की जानकारी हुई तो उसने इसकी पुरानी बस्ती थाना में की।

## दुकान से 13 नग मोबाइल पार

**रायपुर( समय दर्शन )।** इंद्रा चौक पुरानी मंडी कॉम्पलेक्स पास स्थित मोबाइल शॉप का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने 13 नग मोबाइल पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर आरंग पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी ताकेश्वर साहू 34 वर्ष ग्राम अठोला का रहने वाला है। प्रार्थी इंद्रा चौक पुरानी मंडी कॉम्पलेक्स के पास मोबाइल शॉप चलाता है। बताया जाता है कि अज्ञात चोर ने प्रार्थी के दुकान के शटर का ताला तोड़कर 13 नग मोबाइल पार कर दिया। चोरी गए मोबाइल की कीमत करीब 2 लाख रुपए के आसपास बताई जा रही है।

## यातायात दुरुस्त करने कलेक्टर ने ली समीक्षा बैठक

**रायपुर( समय दर्शन )।** कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने शुक्रवार को यातायात दुरूस्त करने के लिए विभिन्न विभागों के अधिकारियों की कलेक्टोरेट स्थित रेडक्रॉस सभाकक्ष में बैठक ली। कलेक्टर डॉ. सिंह ने कहा कि जिन-जिन स्थानों पर यातायात बाधित करने वाले पुरानी गाड़ियां सड़कों पर खड़ी है, उन्हें हटाया जाएं। साथ ही पुराने खंबे एवं बिजली के बॉक्स, पेड़ों की छटाई जल्द से जल्द किया जाएं। कलेक्टर डॉ. सिंह ने कहा कि जिन-जिन स्थानों पर यातायात बाधित हो रहा है, उन स्थानों को चिंहाकित कर कार्रवाई की जाएं। कलेक्टर डॉ. सिंह ने कहा कि ज्यादातर प्रमुख मार्गों में फ्लैक्स रखने की वजह से भी यातायात बाधित होता है, ऐसे में उन फ्लैक्स एवं बैनरों को हटाने की कार्रवाई की जाएं। साथ ही पेड़ की छटाई जिन-जिन स्थानों पर नहीं हुई है, उन पेड़ों की छटाई जल्द से जल्द की जाएं। कलेक्टर ने कहा कि शहर में बिजली के तारों पर पेडों की टहनियां लटकने पर तत्काल छटाई की कार्रवाई की जाएं।

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के निर्देश एवं कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के मार्गदर्शन में प्रहरी अभियान में आई तेजी

# राजधानी के 15 प्रमुख चौक-चौराहों में ट्रैफिक होगा दुरूस्त व्यस्तम मार्गों से अतिक्रमण हटाकर बढ़ाई चौड़ाई

### वीआईपी रोड के पेड़ों की हुई छटाई, मार्गों को अवरूद्ध करने वाले बिजली के पोल की शिफ्टिंग का कार्य जारी




**रायपुर( समय दर्शन )।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर आमजनों को राहत देने राजधानी में यातायात व्यवस्था को दुरूस्त करने का कार्य तेजी से किया जा रहा है। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के मार्गदर्शन में शहर के 15 प्रमुख चौक-चौराहों का चिंहाकन किया गया है। जहां पर ट्रैफ्फ्कि को दुरूस्त करने का कार्य किया जा रहा है। साथ ही व्यस्तम मार्गों से अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। सड़कों के किनारे लगे बोर्ड को हटाकर उन सभी मार्गों को चौड़ा किया जा रहा है और सड़कों के किनारे लगे बिजली पोल से बाधित होने वाले सड़कों का चिंहाकन कर पोल को हटाने की कार्रवाई की जा रही है। इसके अलावा उन मार्गों की चैड़ाई भी बढ़ाई जा रही है। इससे आने वाले दिनों में निश्चित तौर सड़कों में ट्रैफ्फ्कि जाम की समस्या से निजात मिलेगी और सड़कों की चौड़ाई बढ़ने से यातायात भी सुगम होगा। नगर निगम आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा ने बताया कि कलेक्टर डॉ. सिंह के निर्देश पर वीआईपी रोड के सड़कों के किनारे लगे पेड़ों की छटाई की जा रही है। इसके लिए नगर निगम और वन विभाग की टीम का गठन किया गया है। संयुक्त टीम वीआईपी रोड के अलावा प्रमुख जिन भी मार्गों में वृक्षों की वजह से यातायात संचालन में बाधा आ रही है, उन वृक्षों की छटाई करेगी। रायपुरा ओव्हर ब्रिज के नीचे वाली सड़कों में यातायात बाधित न हो, इसके लिए बोड्र्स को हटाने की कार्रवाई की जा रही है। साथ ही उन मार्गों को चौड़ा किया जा रहा है। शंकर नगर क्षेत्र में सड़कों के किनारे लगे बिजली के पोल को हटाकर शिफ्ट किया जा रहा है। इसके बाद उन मार्गों को भी चौड़ा किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के निर्देश पर रायपुर शहर की ट्रैफ्फ्कि की समस्या को दूर करने के लिए प्रहरी टीम का गठन किया गया है। यह टीम प्रत्येक मार्गों में पहुंचकर यातायात को दुरूस्त करने का कार्य कर रही है। साथ ही 3 जनवरी को कलेक्टर ने ट्रैफ्फ्कि संचालन को बेहतर करने के लिए समीक्षा बैठक ली थी। कलेक्टर ने यातायात दुरूस्त करने के लिए आवश्यक निर्देश भी दिए।

# पत्रकार हत्याकांड को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री बघेल व उपमुख्यमंत्री साव के बीच छिड़ी एक्स वार

**रायपुर( समय दर्शन )।** प्रदेश के बीजापुर में स्वतंत्र पत्रकार मुकेश चंद्राकर की हत्या के बाद प्रदेश में सत्ता पक्ष व विपक्ष के बीच बयानबाजी तेज हो गई है। इस मामले में अब पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल व उपमुख्यमंत्री अरूण साव के बीच सोशल मिडिया प्लेटफार्म एक्स में जंग छिड़ गई है। छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया 'एक्स' अकाउंट पर एक पोस्ट जारी कर उपमुख्यमंत्री अरुण साव पर गंभीर आरोप लगाए थे। इसके बाद अब उपमुख्यमंत्री साव ने उनके बयान पर पलटवार किया है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया एक्स अकाउंट पर एक पोस्ट जारी कर मुकेश चंद्राकर की हत्या के मामले में सीधे तौर पर अरुण साव पर हमला बोला था, पोस्ट में उन्होंने लिखा -मैंने सोचा था कि मुकेश चंद्राकर जी के मामले में न्याय मिलने तक इस पर राजनीतिक बयानबाजी नहीं होनी चाहिए। लेकिन भाजपा नेताओं के हद से अधिक गिर जाने पर मुझे कहना पड़ेगा कि प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अरुण साव, जिनके पास पीडब्ल्यूडी विभाग भी है, इतने ताकतवर हो गए हैं कि उनके विभाग में हुए बड़े सड़क घोटाले को जब पत्रकार मुकेश चंद्राकर ने उजागर किया तो उन्हें मौत के घाट उतार दिया गया। इसी पीडब्लूडी विभाग में जब आचार संहिता के दौरान पुल निर्माण का मामला विधानसभा में वरिष्ठ कांग्रेस विधायक कवासी लखमा द्वारा उठाया गया तो दस दिन बाद उनके घर श्वष्ठ भेज दी गई। सत्य यही हैज्और साबित भी हो रहा है कि अब तो यह स्पष्ट है, अरुण साव भ्रष्ट है। इसका जवाब देते हुए उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने अपने सोशल मिडिया अकाउंट एक्स पर लिखा कि जोर-जोर से चिल्लाने से झूठ सच में नहीं बदल जाता प्रिय भूपेश जी! कांग्रेसियों का मूल मंत्र है, जो उनके भ्रष्टाचार से टकराएगा, चूर-चूर हो जाएगा। और वही किया कांग्रेसी ठेकेदार ने बीजापुर के जांबाज पत्रकार मुकेश के साथ! हत्या के आरोपी ठेकेदार की पैरवी करने वालों ने नैतिकता को शर्मसार किया है। जिनके सहयोगी, जिनके साथी, जिनके अधिकारी, जिनके पार्टी पदाधिकारी, जिनके उप सचिव कद के लोग भ्रष्टाचार में लिप्त हों, वो अब भ्रष्टाचारियों के साथ हत्यारों के भी ठेकेदार बन रहे हैं! युवा पत्रकार मुकेश चंद्राकर जी ने ठेकेदार सुरेश के निर्माण कार्यों पर रिपोर्ट बनाई। रिपोर्ट पर 24 घंटे के अंदर कार्रवाई करते हुए हमारी सरकार ने जांच बिठा दी! अब इस जांच से बौखलाए कांग्रेस पदाधिकारी ठेकेदार की प्रॉपर्टी में युवा पत्रकार की निर्मम हत्या की हुई लाश मिली है। और इधर माननीय भूतपूर्व मुख्यमंत्री जी हल्केपन की राजनीति में गोते लगाते हुए अपने लाडले कांग्रेसी ठेकेदार को बचाने कूद पड़े हैं ।

# छत्तीसगढ़ में शौण्डिक समाज का 2 दिवसीय भव्य सम्मेलन, मुख्यमंत्री सहित कई गणमान्य लोग होंगे शामिल

### अखिल भारतीय शौण्डिक राष्ट्रीय सम्मेलन और सम्मान समारोह का आयोजन, समाज की एकता और विकास पर होगा मंथन



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में 11 और 12 जनवरी 2025 को 2 दिवसीय अखिल भारतीय शौण्डिक राष्ट्रीय सम्मेलन सह सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम अखिल भारतीय शौण्डिक संघ के तत्वावधान में विधानसभा रोड स्थित लोटस रिसॉर्ट में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मुख्य आतिथ्य में आयोजित होगा। आपको बता दें कि, कुछ दिन पहले प्रदेश अध्यक्ष श्री शिवरतन प्रसाद गुप्ता, प्रदेश संयोजक श्री श्याम किशोर गुप्ता, प्रमुख सलाहकार श्री ओम प्रकाश गुप्ता और श्री सुरेश प्रसाद गुप्ता सहित शौण्डिक समाज के प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात कर इस सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया था। मुख्यमंत्री ने इस आमंत्रण को स्वीकार करते हुए सम्मेलन की सफलता की कामना की थी। शौण्डिक समाज का यह सम्मेलन समाज की एकता, समृद्धि और योगदान पर केंद्रित होगा। कार्यक्रम में समाज के प्रमुख मुद्दों पर चर्चा के साथ सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और सम्मान समारोह का भी आयोजन किया जाएगा। सम्मेलन में भारत के विभिन्न राज्यों के अलावा पड़ोसी देश नेपाल, मॉरिषस से भी सजातीय बंधु भाग लेने आ रहे है। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में 11 जनवरी को सुबह 11 बजे छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय मुख्य अतिथि होंगे। अध्यक्षता अखिल भारतीय शौण्डिक संघ के सभापति प्रो. राम अवतार महतो करेंगे। अति विशिष्ट अतिथियों में डॉ. पूर्णेदु सक्सेना, क्षेत्र संघचालक (राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ) और मंत्री श्री रामविचार नेताम एवं रायपुर के सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल शामिल होंगे।

# पत्रकार मुकेश चन्द्राकर हत्या मामले में एसआईटी का गठन 11 सदस्यीय टीम करेगी जांच - विजय शर्मा

### नक्सल विरोधी अभियान में स्वर्गीय चन्द्राकर मील का पत्थर थे



**रायपुर( समय दर्शन )।** बीजापुर के युवा पत्रकार स्वर्गीय मुकेश चन्द्राकर की हत्या के मामले को लेकर गृहमंत्री एवं उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने अपने आवास में आयोजित पत्रकारवार्ता में कहा कि स्वर्गीय चन्द्राकर की हत्या दुखद है। उनके परिवार के साथ उनकी पूरी संवेदना है, परिवार को हर संभव मदद दी जाएगी। जिस तरह से पत्रकारों की हत्या हो रही है, वह चिंता जनक है। स्वर्गीय मुकेश चन्द्राकर की हत्या के मामले को लेकर एएसपी गुर्जर के नेतृत्व में 11 सदस्यीय एसआईटी टीम का गठन जांच के लिए किया गया है। 3 से 4 हफ्तों में रिपोर्ट प्रस्तुत होते ही पुलिस त्वरित कार्यवाही करते हुए मामला कोर्ट में प्रस्तुत करेगी। शर्मा ने पत्रकारवार्ता में कहा कि स्वर्गीय चन्द्राकर से उनके बहुत अच्छे संबंध थे। वे नक्सल विरोधी अभियान में शासन को सहयोग कर रहे थे। उनकी हत्या से नक्सल विरोधी अभियान को धक्का लगा है। पत्रकार सुरक्षा कानून की बात करते हुए उन्होंने कहा कि जल्द ही पत्रकारों से चर्चा कर कानून लागू किया जाएगा। स्वर्गीय चन्द्राकर के मामले में कांग्रेसी नेता सुरेश चन्द्राकर जो जिला कांग्रेस के अध्यक्ष भी हैं। उनकी गिरफ्तारी के लिए चारों दिशाओं में पुलिस भेजी गई है। उनके भाई रितेश चन्द्राकर रामटेके एवं अन्य भाई की गिरफ्तारी हो चुकी है। सुरेश चन्द्राकर के सभी खाते सील कर दिए गए हैं एवं उनके द्वारा निर्मित सड़क निर्माण मामले की जांच के आदेश जारी किए गए हैं। स्वर्गीय चन्द्राकर छत्तीसगढ़ के निर्भिक पत्रकारिता के मजबूत स्तंभ थे। वे हमेशा अपनी रिपोर्टिंग के जरिए सत्य को उजागर करते रहे। उनकी हत्या से मेरा अंर्तमन दुखी है।

# सड़क सुरक्षा, कैंसर से बचाव एवं मतदान जागरूकता वांकाथान का हुआ आयोजन

**रायपुर( समय दर्शन )।** शहर के मरीन ड्राइव तेलीबांधा तालाब परिसर में शनिवार सुबह 6 बजे से सड़क सुरक्षा,स्वास्थ्य संवर्धन कैंसर से बचाव एवं मतदान जागरूकता के लिए वांकाथान का आयोजन बालको मेडिकल सेंटर, लीड एजेंसी (सड़क सुरक्षा) स्टे फिट विथ मी ग्रुप, माई.एफएम., रिलायंस लाईफसाईस मेफेयर, शिंराज, अजय पब्लिसिटी, मरविक, योगा इंस्टीटयूट सहित विभिन्न सामाजिक संगठनो के द्वारा किया गया। इस अवसर पर पारंपरिक रूप से आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रमों की श्रृंखला में स्वास्थ्य संवर्द्धन के लिए एरोबिक्स, जुंबा, सड़क सुरक्षा तथा मतदाता जागरूकता हेतु संगीतमय नुक्कड़ नाटक सहित अन्य रोचक कार्यक्रमों के साथ केंसर से बचाव के उपायों तथा उपचार के प्रबंधों के बारे में विस्तार से बताया गया। अंतर्विभागीय लीड एजेंसी सड़क सुरक्षा,अध्यक्ष संजय शर्मा ने सड़क दुर्घटनाओं से बचाव के उपायों के बारे में अवगत कराते हुए बताया कि मात्र सीट बेल्ट एवं हेलमेट लगाने मात्र से सड़क दुर्घटनाओं में मृत्यु की संभावना लगभग 40 प्रतिशत तक कम हो जाती है गत वर्ष सड़क दुर्घटनाओं में मृत्यु 4017 लोगो ने हेलमेट एवं 673 ने सीट बेल्ट नहीं पहना था। इस अवसर पर स्टे फिट विथ मी ग्रुप प्रमुख शुभांगीजी एवं टीम ने उर्जावान जुम्बा तथा स्वास्थ्य वर्द्धन के लिये ऐरोबिक्स के साथ-साथ नशे में वाहन चालन सहित अन्य लापरवाहियों से परिवार/ समाज पर दुष्प्रभाव के बारे में अत्यंत रोचक नुक्कड़ नाटक की संगीतमय प्रस्तुति दी गई। उपस्थित जनसमुदाय को निष्पक्ष एवं निडर होकर मतदान हेतु शपथ दिलाई गई।

कालकाजी सीट से कांग्रेस उम्मीदवार अलका लांबा ने नई दिल्ली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से मुलाकात की.



# पत्रकार हत्याकांड : राजधानी के पत्रकारों ने गृहमंत्री विजय शर्मा को सौंपा ज्ञापन

**रायपुर( समय दर्शन )।** बीजापुर के पत्रकार मुकेश चंद्राकर की हत्या को लेकर रायपुर प्रेस क्लब के पदाधिकारियों ने गृहमंत्री विजय शर्मा को ज्ञापन सौंपा और आरोपियों पर तत्काल कार्रवाई की मांग की. वहीं पत्रकारों की सुरक्षा को लेकर भी चर्चा की.रायपुर प्रेस क्लब के महासचिव डॉक्टर वैभव शिव पांडेय ने उपमुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा से बातचीत करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ के बीजापुर में युवा पत्रकार मुकेश चन्द्राकर की बेहरमी से हत्या हुई है. हत्या की वजह मुकेश की निष्पक्ष और बेबाक पत्रकारिता रही है. उन्होंने बीजापुर क्षेत्र में भ्रष्टाचार के मामलों को उजागर किया. इसकी कीमत उसे जान देकर चुकानी पड़ी. मुकेश की मौत से देश की पत्रकारिता जगत में आक्रोश और शोक व्याप्त है.रायपुर प्रेस क्लब के महासचिव डॉक्टर वैभव शिव पांडेय ने उपमुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा से बातचीत करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ के बीजापुर में युवा पत्रकार मुकेश चन्द्राकर की बेहरमी से हत्या हुई है. हत्या की वजह मुकेश की निष्पक्ष और बेबाक पत्रकारिता रही है. उन्होंने बीजापुर क्षेत्र में भ्रष्टाचार के मामलों को उजागर किया. इसकी कीमत उसे जान देकर चुकानी पड़ी. मुकेश की मौत से देश की पत्रकारिता जगत में आक्रोश और शोक व्याप्त है.रायपुर प्रेस क्लब के पदाधिकारियों ने गृहमंत्री को बताया कि हमारे रायपुर प्रेस क्लब के उपाध्यक्ष संदीप शुक्ला को भी गरियाबंद में भ्रष्टाचार का मामला उजागर करने पर वन विभाग के अधिकारी ने जान से मारने की धमकी दी है. ऐसी ही धमकियां समय-समय पर पत्रकारों को मिलती रहती है।

# जस्टिस सप्रे की अध्यक्षता में छत्तीसगढ़ राज्य सड़क सुरक्षा परिदृश्य की गई समीक्षा बैठक



**रायपुर( समय दर्शन )।** माननीय न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) श्री अभय मनोहर सप्रे की अध्यक्षता तथा मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन की उपस्थिति में न्यू सर्किट हाउस रायपुर में छत्तीसगढ़ राज्य के सडक सुरक्षा परिदृश्य की समीक्षा बैठक की गई। बैठक में अंतर्विभागीय लीड एजेंसी (सड़क सुरक्षा) के अध्यक्ष श्री संजय शर्मा द्वारा समग्र सड़क सुरक्षा परिदृश्य, सडक दुर्घटनाओं के कारण, नियंत्रण के उपाय-लक्ष्य, सडक सुरक्षा अंकेक्षण तथा प्रवर्तन, अंभियांत्रिकीय, शिक्षा, आकस्मिक उपचार आदि की भावी कार्ययोजना के संबंध में विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया गया। अध्यक्ष सुप्रीम कोर्ट कमेटी ऑन रोड सेफ्टी श्री सप्रे ने बैठक में ब्लैक स्पॉट्स के चिन्हाकन के पश्चात् यथा शीघ्र सुधारात्मक उपायों, घायलों की त्वरित उपचार देने, विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा की समुचित जानकारी एवं नियम तोड़ने वालों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। शासकीय अधिकारियों-कर्मचारियों तथा जनसामान्य को सुरक्षा के लिए वाहन चालन के दौरान सीटबेल्ट, हेलमेट की अनिवार्यता को बढ़ावा देने को कहा। श्री सप्रे ने नागरिकों को जागरूक करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि आपातकालीन उपचार एवं ट्रामा केयर के लिये विशेष पहल करके सड़क दुर्घटना में मृत्युदर में कमी की जा सकती है। इसके लिए अंतर्विभागीय समन्वय से रणनीति एवं योजना बनाकर बेहतर कार्य किया जा सकता है।

# पत्रकार मुकेश चंद्रकार के हत्यारे ने कुछ दिनों पहले ली थी भाजपा की सदस्यता - कांग्रेस



**रायपुर( समय दर्शन )।** बीजापुर के पत्रकार मुकेश चंद्राकर के हत्यारे को कांग्रेस नेताओं का करीबी बताये जाने के बाद कांग्रेस नेता सुशील आनंद शुक्ला ने शनिवार शाम कांग्रेस कार्यालय में पत्रकार वार्ता आयोजित कर पलटवार किया है और बताया कि आरोपी सुरेश चंद्राकर ने कुछ दिनों पहले की भाजपा की सदस्यता ली थी। राजीव भवन में आयोजित पत्रकारवार्ता में सुशील आनंद शुक्ला ने बताया कि बीजापुर के पूर्व अध्यक्ष तथा तीन जिलों के प्रभारी जी वेंकट ने माला पहनाकर सुरेश चंद्राकर को भाजपा प्रवेश कराया था। सुशील आनंद शुक्ला ने एक फोटो भी पत्रकारों का उपलब्ध कराया है जिसमें जी वेंकट हत्या के आरोपी सुरेश चंद्राकर को माला पहनाते हुए नजर आ रहे है। साथ सुशील आनंद ने 15 दिन पहले सुरेश चंद्राकर मुख्यमंत्री निवास आया था। कांग्रेस ने चुनौती दी है कि मुख्यमंत्री निवास का 15 दिनों का सीसी टीवी फुटेज तथा आगंतुक लिस्ट जारी किया जाये। जिससे साफ पता चल जाएगा कौन किसका करीबी है। बता दें कि प्रदेश के गृहमंत्री विजय शर्मा ने पत्रकार हत्याकांड मामले में आरोपी को कांग्रेस का करीबी बताया था।

## संपादकीय

### नई सहमति ज्यादा अहम

मानव सरोवर की यात्रा फिर शुरू करने और द्विपक्षीय व्यापार सुगम बनाने संबंधी सहमतियां डोवाल- वांग वार्ता का व्यावहारिक नतीजा हैं। दूरगामी नजरिए से सीमा विवाद के हल पर 2005 में तय हुईं राजनीतिक कसौटियों पर नई सहमति ज्यादा अहम है। भारत और चीन के विशेष प्रतिनिधियों के बीच सीमा विवाद के निपटारे पर बीजिंग में हुई वार्ता का सार यह है कि चार साल तक तनावपूर्ण रहने के बाद दोनों का रिश्ता अब पटरी पर लौट रहा है। भारतीय प्रतिनिधि अजित डोवाल और चीनी प्रतिनिधि वांग यी की वार्ता में, चीनी विदेश मंत्रालय की विज्ञप्ति के मुताबिक, छह सूत्री सहमति बनी। भारतीय विज्ञप्ति में उन छह सूत्रों का स्पष्ट उल्लेख तो नहीं है, लेकिन कहा गया है कि दोनों विशेष प्रतिनिधियों ने आपसी रिश्ते को सकारात्मक दिशा प्रदान की है। तिब्बत के रास्ते से मानव सरोवर की यात्रा फिर शुरू करने और द्विपक्षीय व्यापार को सुगम बनाने संबंधी सहमतियां इस वार्ता का व्यावहारिक नतीजा हैं। मगर दूरगामी लिहाज से सीमा विवाद हल करने के लिए 2005 में दोनों देशों के बीच तय हुईं राजनीतिक कसौटियों पर नई सहमति ज्यादा अहम है। 1988 से 2005 तक भारत- चीन संबंध सकारात्मक दिशा में थे। उसी क्रम में 2005 में बनी सहमति को एक बड़ी कामयाबी माना गया था। डोवाल- वांग वार्ता में इस पर भी जोर दिया गया कि सीमा विवाद का हल पैकेज के रूप में होगा। यानी पूरब में अरुणाचल और पश्चिम में लद्दाख सीमाओं पर जो मतभेद हैं, उन पर एकमुश्त सहमति बनाई जाएगी। हर समाधान का आधार लेन-देन की भावना होती है। दोनों देश अगर इस भावना पर रजामंद हो रहे हों, तो आशा की जा सकती है कि इस लंबे विवाद का हल निकल आएगा। बहरहाल, इस रास्ते में अनेक दिक्कतें हैं। दोनों देशों की अंदरूनी राजनीतिक प्रक्रिया और अंतरराष्ट्रीय पहलुओं का साया भारत-चीन संबंधों पर पड़ता रहा है। इसके अलावा यह देखना होगा कि क्या सचमुच अब नए सिरे से उभर रही सहमतियों पर चीन कायम रहता है। भारत में अक्सर यह संदेह रहा है कि ऐसी सहमतियों का इस्तेमाल चीन सीमा के करीब अपनी स्थिति मजबूत करने के लिए करता है। वैसे चीन से बेहतर रिश्ता दोनों देशों की आर्थिक जरूरत है, जैसाकि इस वर्ष संसद में पेश हुए आर्थिक सर्वेक्षण में कहा गया था। इसलिए फिलहाल चीजें पटरी पर लौट रही हैं, तो उसे एक सकारात्मक घटनाक्रम कहा जाएगा।

## अब 'राम नाम' की रेवड़ी

नए साल के पहले दिन किसी सकारात्मक, सुखद खबर का विश्लेषण करना चाहते थे, लेकिन देश, अर्थव्यवस्था और 'रेवडियों के चुनाव' की तुलना में कुछ भी महत्वपूर्ण नहीं लगा, लिहाजा इसी नकारात्मक पक्ष का एक बार फिर विश्लेषण करना पड़ रहा है। देश की आर्थिक विकास दर चालू वित्त-वर्ष 2024-25 में करीब 6.6 फीसदी आंकी गई है। इसमें भी कुछ अतिशयोक्ति है, कुछ विरोधाभास भी हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने बजट-पूर्व के विमर्श की हालिया बैठक में विकास-दर 8 फीसदी की इच्छा व्यक्त की थी। दरअसल यह दर जब तक 10-12 फीसदी तक नहीं पहुंचती, तब तक भारत 'विकसित देश' बनने की शुरुआत तक नहीं कर सकता। हमारे भाजपा-कांग्रेस से द्रमुक-टीडीपी और आम आदमी पार्टी (आप) तक अधिकतर क्षेत्रीय दल अर्थव्यवस्था की हकीकतों को समझने को तैयार नहीं हैं और मुफ्तखोरी की रेवडियां परोस कर चुनावी वैतरणी पार करना चाहते हैं। ऐसा लगातार किया जा रहा है, जबकि राज्यों पर 3-7 लाख करोड़ रुपए से अधिक के कर्जों के बोझ हैं। देश पर भी करीब 200 लाख करोड़ रुपए का कर्ज बताया जा रहा है। यह आंकड़ा बदलता रहता है, लेकिन भारत को कुबड़ा बनाने वाला कर्ज तो मौजूद है। हालांकि प्रधानमंत्री मोदी आगाह करते रहे हैं कि रेवडियां बांटने का रिवाज देश की अर्थव्यवस्था को बर्बाद कर सकता है, जबकि भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने को प्रयासरत है। चूंकि 2025 का पहला चुनाव दिल्ली अर्द्धराज्य में है, लिहाजा केजरीवाल और 'आप' की 'रेवड़ीदार घोषणाएं' ज्यादा प्रासंगिक लगती हैं और चिंतित भी करती हैं। ये घोषणाएं राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के लोगों और तबकों के लिए की जा रही हैं। ताजा घोषणा केजरीवाल ने की है कि दिल्ली में 'आप' सरकार मंदिर के पुजारियों और सिखों के ग्रंथियों को 18,000 रुपए माहवार का मानदेय देगी। ऐसी ही घोषणा केजरीवाल ने मुसलमानों के 240 इमामों के लिए की थी। हालांकि इस मामले में सर्वोच्च अदालत ने दखल देकर फैसला सुनाया था कि वक्फ की आमदनी में से इमामों को मानदेय दिया जाए, लेकिन प्रावधान तय किया गया कि वक्फ की राशि भी दिल्ली सरकार के जरिए ही दी जाएगी। उसमें भी बीते 17 महीनों से इमामों को मानदेय का भुगतान नहीं किया गया है। अब इमाम केजरीवाल के आवास के बाहर प्रदर्शन कर रहे हैं, लेकिन केजरीवाल ने 'राम नाम की माला' जपनी शुरू कर दी है। दरअसल दिल्ली में मान्यता प्राप्त 2153 मंदिर बताए जाते हैं। अधिकांश मंदिरों में औसतन 3-4 पुजारी हैं। निजी ट्रस्ट के अधीन भी मंदिर हैं। उनमें भी पुजारी काम कर रहे हैं। सरकार का मानदंड क्या होगा कि किन्हें भत्ता देना है? इसी तरह सिख गुरुद्वारों में कई ग्रंथी होते हैं। हालांकि शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ऐसे ग्रंथियों को मानदेय-भत्ता मुहैया कराती होगी, लेकिन केजरीवाल ने 18,000 रुपए माहवार प्रति पुजारी और ग्रंथी को देने की घोषणा की है, तो राजनीति स्पष्ट होने लगती है। अब केजरीवाल भी अनशन करने वाले क्रांतिकारी या प्रदर्शनकारी नहीं रहे। वह अन्य नेताओं की तरह पूरी तरह राजनीतिज्ञ बन चुके हैं। दिल्ली सरकार करीब 16,000 करोड़ रुपए के घाटे में है और केंद्रीय अनुदान भी दिया जाता है। अधिकांश क्षेत्र केंद्र सरकार के अधीन है, लिहाजा घाटे का अपेक्षाकृत तनाव दिल्ली सरकार पर नहीं है। सवाल रेवड़ीदार राजनीति का है। यदि सरकारें 'कल्याणकारी' की भूमिका में ही रहेंगी, तो समूचे विकास कैसे संभव होंगे व हम विकसित राष्ट्र कैसे बनेंगे।

# नई लकीर खींचने की कोशिश में जुटे मोहन यादव

**उमेश चतुर्वेदी**



विधानसभा चुनाव में अभूतपूर्व जीत के बाद मध्य प्रदेश में बीजेपी ने तकरीबन अपरिचित चेहरे को राज्य की कमान सौंपने का फैसला लिया, तो राजनीतिक हलकों में हैरत जताई गई थी। उन्हीं मोहन यादव ने बतौर मुख्यमंत्री सालभर की यात्रा पूरी कर ली है। मंत्री के तौर पर मोहन यादव मध्य प्रदेश शासन का हिस्से रहे, लेकिन मुख्यमंत्री बनने के बाद उन्हें समझ आया कि एक या दो विभाग संभालना अलग बात है और पूरे राज्य की कमान के साथ राजनीतिक संतुलन बनाए रखना कठिन चुनौती है। लेकिन मोहन यादव ने इस चुनौती को ना सिर्फ संभाल लिया है, बल्कि नवाचार के साथ शासन और प्रशासन को बखूबी संभाल रहे हैं। शासन की पहली वर्षगांठ के अवसर पर विशेष भेंट में मोहन यादव ने अपनी चुनौतियों के साथ ही अपने सपनों को जिस सहज अंदाज में साझा किया, वह उनकी राजनीति और चरित्र को समझने का सूत्र है।

बड़ा राजनीतिक दल हो या संभ्रांत परिवार, हर नए नेतृत्व के सामने अक्सर अतीत और पूर्वज से तुलना का सवाल उठ खड़ा होता है। अगर अतीत का नेतृत्व विराट रहा हो तो नए नेतृत्व के हर कदम को पुराने की कसौटी पर कसा जाना स्वाभाविक है। मोहन यादव को बखूबी पता है। वे खुद भी स्वीकार करते हैं कि उनके मुख्यमंत्री बनने से पहले करीब साढ़े अठारह साल तक राज्य में बीजेपी की सत्ता रही। उसकी कमान जिन हाथों में रही, वे प्रभावशाली रहे। मोहन यादव स्वीकार करते हैं कि उनके नेताओं ने जो वायदे किए, जिस जैसा शासन चलाया, उन्हें पूरा करना और उस परिपाटी को बरकरार रखना उनका पाथेय है। मोहन यादव को पता है कि उन्हें अपनी भी एक नई लकीर खींचनी होगी। वे खुलकर इसे स्वीकार नहीं करते, बल्कि खुद को विनम्र कार्यकर्ता बताते हैं। मध्य प्रदेश को लेकर उनके भी अपने कुछ सपने हैं। सपना यह कि समृद्ध और वैविध्यपूर्ण प्राकृतिक संपदा वाला उनका राज्य समृद्ध बने, आर्थिक रूप से समृद्ध हो, कृषि विकास की मौजूदा दर बनी रहे और किसान लगातार समृद्ध होते रहें। सांस्कृतिक रूप से संपन्न राज्य की भारत ही नहीं, वैश्विक मानचित्र पर गहन पहचान भी बने। इन सपनों को हकीकत बनाने के लिए वे अहर्निश जुटे हैं। उनका कहना है कि सोते-जागते हर वक्त उन्हें एक ही चिंता रहती है, यह कि मध्य प्रदेश समृद्ध हो, संपन्न हो और अपनी सांस्कृतिक धरोहरों के साथ आगे बढ़ता रहे।

मोहन यादव महाकाल की नगरी उज्जैन के निवासी है। उज्जैन में ही भगवान कृष्ण ने संदीपनी ऋषि के आश्रम में शिक्षा ली थी। मोहन यादव कहते हैं कि कंस-वध के बाद कान्हा जी चाहते तो खुद सिंहासन पर बैठ सकते थे। लेकिन उन्होंने कुर्सी की बजाय शिक्षा को चुना और उज्जैन चले आए। जहां सुदामा से उनकी ऐसी मित्रता हुई, जिससे दुनिया आज भी सीख लेती है। मोहन यादव ने कान्हा की याद में 'श्रीकृष्ण पाथेय' परियोजना की कल्पना की है। मोहन यादव कहते हैं कि कंस वध के बाद मथुरा से चलकर कृष्ण उज्जैन आए। यहां उन्होंने शिक्षा ली। 'श्रीकृष्ण पाथेय' के तहत उज्जैन को मथुरा से जोड़ने की योजना है। इस पथ पर तीन राज्य हैं। कृष्ण उत्तर प्रदेश के मथुरा से राजस्थान होते हुए मध्य प्रदेश के उज्जैन पहुंचे थे। श्रीकृष्ण पाथेय करीब साढ़े छह सौ किलोमीटर का होगा। इस पाथेय के लिए राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल से मोहन यादव की बात हो चुकी है। यह संयोग ही है कि भजनलाल और मोहन यादव ने तकरीबन साथ-साथ अपने-अपने राज्यों में कमान संभाली थी। मोहन यादव की योजना है कि इस पाथेय को गुजरात के द्वारका तक बढ़ाया जाए। इस सिलसिले में गुजरात सरकार से भी मध्य प्रदेश की बातचीत चल रही है। श्रीकृष्ण पाथेय सही मायने में सांस्कृतिक पथ होगा। मोहन यादव कहते हैं कि लोकजागरण भी उनकी जिम्मेदारी है। इस पाथेय के जरिए दुनिया को दो संदेश देने की कोशिश होगी, पहला शिक्षा का संदेश और दूसरा अमीर-गरीब की मित्रता का संदेश। समाज को जोड़ने में शिक्षा और मित्रता का योगदान अनमोल है। इस पाथेय पर श्रीकृष्ण जहां-जहां रुके, उन-उन जगहों, तीर्थों को विकसित करने और पाथेय पर हस्तशिल्प कलस्टर को बनाने की तैयारी है। इससे जहां पर्यटन बढ़ेगा, बल्कि लोगों को रोजगार भी मिलेगा। मध्य प्रदेश सरकार साल 2024 में लाड़ली बहना योजना पर 9 हजार 455 करोड़ रुपये से अधिक की राशि खर्च की है। जिसका फायदा राज्य की एक करोड़ 29 लाख महिलाओं को मिला है। बेशक ऐसी योजनाएं सरकारों के लिए फायदेमंद साबित हुई हैं, लेकिन एक वर्ग के निशाने पर भी ये योजनाएं हैं। मोहन यादव को भी पता है कि ऐसी कल्याणकारी योजनाओं को लंबे समय तक चलाना तभी संभव होगा, जब राज्य की आर्थिक सेहत अच्छी हो। इसलिए राज्य में इन्वेस्टर समिट किए जा गए। राज्य स्तर पर सातवां निवेशक सम्मेलन फरवरी 2025 में होना है। ये सम्मेलन संभागीय स्तर पर भी आयोजित किए जाते रहे। इन सम्मेलनों से अब तक राज्य को चार लाख करोड़ का निवेश प्रस्ताव मिल चुका है। जिसे और बढ़ाने की तैयारी है।

पर्यावरण संकट झेल रही दुनिया में भारत के कई राज्यों पर कार्बन रेटिंग ठीक करने का दबाव है। लेकिन उनके पास जंगल लायक जमीन नहीं है। मोहन यादव उन राज्यों के लिए कैप्टिव योजना लाने जा रहे हैं। जिसे कान्हा वन, वृंदावन योजना नाम दिया गया है। इसके तहत कार्बन रेटिंग ठीक करने की चाहत रखने वाला राज्य मध्य प्रदेश में लीज पर जमीन ले सकता है और यहां जंगल लगा सकता है। मुख्यमंत्री का कहना है कि इससे जहां दूसरे राज्यों की कार्बन रेटिंग सुधरेगी, वहीं मध्य प्रदेश का वन क्षेत्र बढ़ेगा। जिससे मध्य प्रदेश का पर्यावरण भी बेहतर होगा।

कृषि विकास दर के लिहाज से मध्य प्रदेश देश में पहले स्थान पर है। मोहन यादव ऐसी योजनाएं ला रहे हैं, जिससे किसानों की आय और बढ़े और राज्य की आर्थिक सेहत भी दुरुस्त हो। इस लिहाज से दुग्ध उत्पादन और बागवानी पर जोर दिया जा रहा है। देश के दुग्ध उत्पादन में मध्य प्रदेश की हिस्सेदारी नौ प्रतिशत है, योजना है कि इसे बढ़ाकर बीस प्रतिशत किया जाए। किसी भी राज्य के कृषि विकास में उस राज्य के कृषि विश्वविद्यालयों में हो रही पढ़ाई और शोध का बहुत योगदान होता है। मोहन यादव इसे समझते हैं, इसीलिए राज्य के सभी 16 विश्वविद्यालयों में कृषि विभाग शुरू किए गए हैं। राज्य में कपास का उत्पादन भी खूब होता है। मोहन यादव सरकार चाहती है कि मध्य प्रदेश की कपास से राज्य में ही कपड़े का उत्पादन हो, इसके लिए योजना लाई गई है। मध्य प्रदेश की कपड़ा मिलों में महिलाओं को नौकरी मिले, इसके लिए प्रति महिला पांच हजार रूपए महीने उत्पादक को सब्सिडी देने की तैयारी है। इसी तरह राज्य के प्रमुख शहरों, भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर और रीवां समेत सात जगहों पर आईटी पार्क स्थापित करने की तैयारी है। युवाओं को रोजगार योग्य बनाने के लिए राज्य में 55 पीएम एक्सीलेंस कॉलेज खोले जा रहे हैं।

शासन में फिजूलखर्ची रोकने की योजना भी बनाई गई है। इसके तहत स्वास्थ्य और चिकित्सा शिक्षा जैसे अलग विभागों को एकीकृत कर दिया गया है। राज्य के प्रशासन में जहां भी जरूरी होगा, उन्हें संतुलित करने, विभागों को एक साथ लाने की योजना पर काम चल रहा है। राज्य सरकार थानों का परिसीमन सफलतापूर्वक कर चुकी है, इसी तर्ज पर प्रशासनिक परिसीमन की भी तैयारी है। इसी तरह अफसर-कर्मचारी अनुपात को भी तर्कसंगत करने की तैयारी है। मोहन यादव कहते हैं कि सरकारी तंत्र पर खर्च होने वाला हर पैसा नागरिक का होता है और उसका दुरुपयोग नहीं होने दिया जाएगा। मोहन यादव सरकार एक और अनूठी योजना लेकर आई है। मध्य प्रदेश पहला राज्य बन गया है, जहां सरकारी स्तर पर एयर एंबुलेंस सेवा शुरू की गई है। आयुष्मान योजना के तहत आने वाले रोगियों को यह सुविधा जहां मुफ्त मिलेगी, वहीं सक्षम लोगों से इसके लिए फीस ली जाएगी। निजी और सरकारी सहयोग के आधार पर अस्पताल शुरू किए जा रहे हैं। बड़ी-बड़ी गोशालाएं बनाई जा रही हैं, जिन्हें नगर महापालिकाओं और नगर निगमों को दी गई है। केन-बेतवा नदी जोड़ परियोजना की शुरुआत प्रधानमंत्री मोदी के हाथों हो चुकी है।

मोहन यादव आज बीजेपी के नए नेतृत्व का चेहरा हैं। हालांकि खुद को वे पार्टी का विनम्र कार्यकर्ता ही बता रहे हैं। पार्टी का यह विनम्र कार्यकर्ता अपने ढंग से अपनी नई लकीर खींचने की कोशिश में जुट रहा है। लेकिन यह कोशिश तभी कामयाब मानी जाएगी, जब देश-दुनिया के नक्शे पर मध्य प्रदेश नई पहचान के साथ उभर पाएगा।

# दिल्ली चुनावों पर 'रेवड़ी कल्चर' का खतरनाक साया

**ललित गर्ग**



दिल्ली विधानसभा चुनाव जैसे-जैसे नजदीक आ रहे हैं, राजनीतिक सरगर्मी उग्र से उग्रत्तर होती जा रही है। आम आदमी पार्टी मतदाताओं को लुभाने की कोई कोर कसर नहीं छोड़ रही है। चुनाव से पहले अब आम आदमी पार्टी ने एक ऐसी लुभावनी, मतदाताओं को आकर्षित करने की योजना की घोषणा की है जिसके अन्तर्गत मंदिरों के पुजारियों और गुरुद्वारा साहिब के ग्रंथियों को 18 हजार रुपए महीने दिए जाएंगे। इस योजना का नाम पुजारी-ग्रंथी योजना है। मुस्लिम धर्म एवं उनके अनुयायियों को रिझाते-रिझाते एकदम से केजरीवाल को हिन्दू धर्म के पुजारी एवं सिख धर्म के ग्रंथी क्यों याद आ गये? विडम्बना है कि विभिन्न राजनीतिक दल मतदाताओं को लुभाने के लिए मुफ्त उपहार बांटने, तोहफे, लुभावनी घोषणाएं एवं योजनाओं की बरसात करने का माध्यम बनते जा रहे हैं। बजट में भी 'रेवड़ी कल्चर' का स्पष्ट प्रचलन लगातार बढ़ रहा है, खासकर तब जब उन राज्यों में चुनाव नजदीक हों। 'फ्रीबीज' या मुफ्त उपहार न केवल भारत में बल्कि पूरी दुनिया में वोट बटोरने का हथियार हैं। यह एक राजनीतिक विसंगति एवं विडम्बना है जिसे कल्याणकारी योजना का नाम देकर राजनीतिक पार्टियां राजनीतिक लाभ की रोटियां सेंकती है। अरविन्द केजरीवाल ने तो दिल्ली में अपनी हार की संभावनाओं को देखते हुए सारी हदें पार कर दी है। बात केवल आम आदमी पार्टी, कांग्रेय या भाजपा की ही नहीं है, बल्कि हर राजनीतिक दल सरकारी खजानों का उपयोग आम मतदाता को अपने पक्ष में करने के लिये करता है।

'मुफ्त की सौगात' राजनीतिक फायदे के लिए जनता को दाना डालकर फंसाने वाली पहल है, एक तरह से दाना डालकर मछली पकड़ने जैसा है। ऐसी सौगातें सिर्फ गरीबों के लिए नहीं बल्कि सभी के लिए होती है, जिसके पीछे आम आदमी पार्टी के संयोजक जैसे राजनेताओं का एकमात्र उद्देश्य देश में अपनी और अपनी पार्टी का प्रभुत्व स्थापित करना है। केजरीवाल के द्वारा चुनावों में मुफ्त की घोषणाएं करना कोई नया चलन नहीं है। अपने देश में रेवड़ियां बांटने का वादा और फिर उन पर जैसे-तैसे और अक्सर आधे-अधूरे ढंग से अमल का दौर चलता ही रहता है। लोकलुभावन वादों को पूरा करने की लागत अंततः मतदाताओं को खासकर करदाताओं को ही वहन करनी पड़ती है। मुख्य चुनाव आयुक्त ने भी मुफ्त रेवड़ियां बांटने के चलन पर गंभीर चिंता जताई थी। नीति आयोग के साथ रिजर्व बैंक भी मुफ्त की रेवड़ियों पर आपत्ति जता चुका है, लेकिन राजनीतिक दलों पर कोई असर नहीं। कई बार तो वे अपात्र लोगों को भी मुफ्त सुविधाएं देने के वादे कर देते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी कुछ समय पहले उन दलों को आड़े हाथों लिया था, जो वोट लेने के लिए मुफ्त की रेवड़ियां देने के वादे करते हैं। उनका कहना था कि रेवड़ी बांटने वाले कभी विकास के कार्यों जैसे रोड, रेल नेटवर्क आदि का निर्माण नहीं करा सकते। वे अस्पताल, स्कूल और गरीबों के घर भी नहीं बनवा सकते। यदि कोई नेता या राजनीतिक दल गरीबों को कोई सुविधा मुफ्त देने का वादा कर रहा है तो उसे यह भी बताना चाहिए कि वह उसके लिए धन कहां से लाएगा? अनेक अर्थशास्त्री मुफ्त उपहार बांटकर लोगों के वोट खरीदने की खतरनाक प्रवृत्ति के प्रति आगाह कर चुके हैं, लेकिन उनकी चिंताओं से नेता बेपरवाह हैं। वे यह देखने को तैयार ही नहीं कि अनाप-शनाप चुनावी वादों को पूरा करने की कीमत क्या होती है और उनसे आर्थिक सेहत पर कितना बुरा असर पड़ता है।

रेवड़ी संस्कृति अर्थव्यवस्था को कमजोर करने के साथ ही आने वाली पीढ़ियों के लिए घातक भी साबित होती है। इससे मुफ्तखोरी की संस्कृति जन्म लेती है। मुफ्त की सुविधाएं पाने वाले तमाम लोग अपनी आय बढ़ाने के जतन करना छोड़ देते हैं। दिल्ली में महिलाओं एवं किन्नरों को भी डीटीसी बसों में मुफ्त यात्रा की सुविधा की घोषणाएं की गयी है, जिन्हें इस तरह की सुविधा की जरूरत नहीं। आधी आबादी को मुफ्त यात्रा की सुविधा देने से दिल्ली में डीटीसी को हर साल करोड़ों रुपये तक का नुकसान हुआ है। इस राशि का उपयोग दिल्ली के इन्फ्रास्ट्रक्चर पर किया जा सकता है। लेकिन केजरीवाल ने ऐसी विकृत राजनीति को जन्म दिया है, जिसमें विकास पीछे छूट गया है। राजनीतिक दलों में ऐसी 'मुफ्त की संस्कृति' की प्रतिस्पर्धा का परिणाम अनुसंधान एवं विकास व्यय, स्वास्थ्य व शिक्षा व्यय और रक्षा व्यय में कमी के रूप में देखने को मिले तो कोई आश्चर्य नहीं है। पिछले दस वर्षों में दिल्ली का विकास ठप्प है। हम दक्षिण कोरिया के रास्ते पर चलकर भविष्य में एक विकसित अर्थव्यवस्था बनेंगे या हमेशा एक 'विकासशील राष्ट्र' बने रहेंगे, यह हमारे द्वारा अभी चुने गए विकल्पों से निर्धारित होगा। ऐसी मुफ्त की सुविधा, सम्मान एवं लोकलुभावन की घोषणाओं से कहीं हम पाकिस्तान एवं बांग्लादेश की तरह अपनी अर्थ-व्यवस्था को रसातल में न ले जाये?

आप सुप्रीमो ने केवल आप सरकारों बल्कि विपक्षी दलों को अपने राज्यों में पुजारियों-ग्रंथियों को सम्मान राशि देने जैसे परियोजनाएं शुरू करने के लिए प्रोत्साहित करते हुए कहा है कि वे नई योजना में बाधा न डालें, ऐसा करके वे भगवान को क्रोधित करेंगे। भला राजनीतिक स्वार्थ की रोटियों के बीच भगवान कहां से आ गये? शिक्षा एवं चिकित्सा जैसी मूलभूत योजनाएं तो ठीक से चला नहीं पाते, अच्छे-भले सम्पन्न एवं निष्कंटक जीवन का निर्वाह करने वाले लोगों के लिये मुक्त की सुविधाएं कैसे कल्याणकारी हो सकती है? पंजाब विधानसभा चुनावों में आम आदमी पार्टी ने महिलाओं को नगद राशि देने की घोषणा की थी, क्या हुआ उस योजना का? दिल्ली में 250 से अधिक इमामों को 17 महीने से अधिक समय से वेतन नहीं मिला है। मुफ्त बिजली एवं पानी देने की घोषणाएं भी ठण्डे बस्ते में चली गयी। ऐसी अनेक घोषणाएं हैं जो चुनावी मुद्दा तो बनती है, मतदाताओं को लुभाती है, लेकिन चुनाव जीतने के बाद धरती पर उतरती कभी नहीं। सभी राजनीतिक दलों की बड़ी लुभावनी घोषणाएं होती हैं, घोषणा पत्र होते हैं-जनता को पांच वर्षों में अमीर बना देंगे, हर हाथ को काम मिलेगा, सभी के लिए मकान होंगे, सड़कें, स्कूल-अस्पताल होंगे, बिजली और पानी, हर गांव तक बिजली पहुंचाई जायेगी, शिक्षा-चिकित्सा निःशुल्क होगी। ये राजनीतिक घोषणाएं पांच साल में अधूरी ही रहती है, फिर चुनाव की आहट के साथ रेवडियां बांटने का प्रयत्न किया जाता है, कितने ही पंचवर्षीय चुनाव हो गये और कितनी ही पंचवर्षीय योजनाएं पूरी हो गईं पर यह दुनिया का आठवां आश्चर्य है कि कोई भी लक्ष्य अपनी समग्रता के साथ प्राप्त नहीं हुआ।

खुशहाल देश और समाज वही माना जाता है, जहां लोग निजी उद्यम से अपने गुजर-बसर संबंधी सुविधाएं जुटाते हैं। खैरात पर जीने वाला समाज विपन्न ही माना जाता है। लोग भी यही चाहते हैं कि उन्हें कुछ करने को काम मिले। इसी से उन्हें संतोष मिलता है। मगर हकीकत यह है कि देश में नौकरियों की जगहें और रोजगार के नए अवसर लगातार कम होते गए हैं। सरकारों की तरफ से ऐसे अवसरों को बढ़ाने के व्यावहारिक प्रयास न होने की वजह देश एवं प्रांत समग्र एवं चहुंमुखी विकास की ओर अग्रसर नहीं हो पाते हैं। सरकारें अपनी इस नाकामी एवं कमजोरी पर पर्दा डालने के लिए मुफ्त सहायता देने की परंपरा विकसित कर ली है। चाहे वह मुफ्त राशन हो, बेरोजगारी भत्ता हो या फिर महिलाओं को वजीफा हो, मुक्त बिजली-पानी हो, मुफ्त चिकित्सा हो, मुफ्त यात्रा हो, पुजारियों, मौलवियों एवं ग्रंथियों को मुफ्त वेतन हो- इस मामले में किसी भी राजनीतिक दल की सरकार पीछे नहीं है। अब तो इस मामले में जैसे एक-दूसरे को पछाड़ने की होड़-सी नजर आने लगी है। सवाल है कि सरकारें इस पहलू पर कब विचार करेंगी कि हर हाथ को काम मिले, रोजगार बढ़े, स्वरोजगार की स्थितियां बने। इस तरह देश साधन-सम्पन्न लोगों में मुफ्तखोरी की आदत डालना सही नहीं है। मुफ्तखोरी की राजनीतिक से लोकतंत्र को खतरा हो सकता है और इससे देश का आर्थिक बजट लडखड़ाने का भी खतरा है।

## क्या होती है लाइटहाउस पैरेंटिंग, टीनेजर्स की परवरिश में आजमा सकते हैं यह यूनिक तरीका

आप टीनेजर बच्चों के माता-पिता हैं तो आपने पैरेंटिंग के अलग-अलग तरीकों के बारे में तो सुना ही होगा. लेकिन, क्या आप लाइटहाउस पैरेंटिंग के बारे में जानते हैं? यहां जानिए लाइटहाउस पैरेंटिंग क्या होती है और टीनेजर्स की परवरिश में कैसे काम आती है.

परवरिश के अलग-अलग तरीकों में से ही एक है लाइटहाउस पैरेंटिंग. असल में लाइटहाउस पैरेंटिंग एक तरह की बैलेंस्ड पैरेंटिंग अप्रोच है जिसमें बच्चों को प्यार, सपोर्ट और गाइडेंस दी जाती है लेकिन साथ-साथ बाउंडरीज मेंटेन करना भी जरूरी होता है. इस पैरेंटिंग स्टाइल में माता-पिता बच्चे को एक सुरक्षित वातावरण देते हैं जिसमें बच्चे खुद को बेहतर तरह से एक्सप्रेस कर सकते हैं. इसमें बच्चे माता-पिता से अपने मन की बातें बिना डरे कह पाते हैं. यहां जानिए क्या होती है लाइटहाउस पैरेंटिंग और इसे कैसे आजमाया जा सकता है.

बनाएं क्लियर नियम

लाइटहाउस पैरेंटिंग में आपको क्लियर रूल्स बनाने होते हैं. आपको नियम बनाकर यह सुनिश्चित करना होता है कि बच्चे इन्हें गंभीरता से फॉलो करें. वहीं, स्पष्ट होना भी जरूरी है, जैसे अगर आप चाहते हैं कि बच्चा अपना फोन इस्तेमाल ना करे तो सीधेतौर पर उसे कहें कि फोन इस्तेमाल ना करे. तानों के जरिए बात कहने की कोशिस ना करें.

कमजोरियों पर ना करें निंदा

अगर बच्चे की कोई कमजोरी है तो उसकी सीधेतौर पर निंदा ना करें बल्कि समझें और उसे भी समझाएं कि कमजोरियों से सीखने की जरूरत होती है. चाहे गलती हो या फिर कोई कमी, इसे पूरा करने पर ध्यान दें ना कि बच्चे की निंदा करके उसका मनोबल कमजोर करें.

कोशिश के दें पूरे नंबर

किशोरावस्था ऐसी उम्र है जिसमें बच्चे अलग-अलग कामों को सीखने की कोशिश करते रहते हैं और अक्सर एक्सपेरिमेंट्स करते हैं. ऐसे में अगर बच्चे किसी काम में बुरे भी निकलते हैं और कभी-कभी उन्हें हार का मुंह भी देखना पड़ता है. ऐसे में बच्चे को उसकी कोशिश और एफर्ट्स के पूरे नंबर दें. रिजल्ट क्या निकला या क्या नहीं इससे ज्यादा जरूरी है बच्चे का हौंसला बढ़ाना.

बहुत ज्यादा कठोरना ना अपनाना

इस पैरेंटिंग स्टाइल में इस बात का ध्यान रखा जाता है कि माता-पिता बच्चे के साथ बहुत ज्यादा कठोरता नहीं बरत रहे हैं. इस उम्र में बच्चे से बहुत ज्यादा कठोर व्यवहार किया जाए तो बच्चों में एक तरह का डर गहराने लगता है जिससे वे अपनी परेशानियां तक पैरेंट्स से कहने से डरने लगते हैं.





# हमेशा डांट-डंपटकर बच्चे को ना बनाएं दब्बू

## इन तरीकों से बढ़ाएं बच्चे का कॉंफिडेंस

**अगर आपको भी अपने बच्चे में कॉंफिडेंस की कमी नजर आती है तो यहां जानिए किस तरह उसमें आत्मविश्वास लाया जा सकता है. इस तरह बच्चे जीवन में कभी भी और किसी से भी पीछे नहीं रहते हैं.**

माता-पिता चाहते हैं कि बच्चे जीवन में हमेशा आगे बढ़ते रहें, कक्षा में सबसे अच्छा प्रदर्शन दिखाएं, दोस्तों के बीच पॉपुलर रहें और कभी उन्हें किसी से कमतर महसूस ना हो. ऐसे में पैरेंट्स बच्चों को अक्सर अनुशासित करने के लिए डांट-डंपट भी देते हैं. लेकिन, इस सख्ती से होता यह है कि बच्चे का कॉंफिडेंस कम होने लगता है और वह झेंपने लगता है. ऐसे में बच्चे की परवरिश में यह गलती आप बिल्कुल भी ना करें बल्कि उसे वो काम सिखाएं या इस तरह उससे बर्ताव करें जिससे वह आत्मविश्वासी बने और किसी मुश्किल से कभी घबराए नहीं.

किसी काम को करने का सिखाएं सही तरीका

अक्सर ही बच्चों में कॉंफिडेंस की कमी इसलिए देखी जाती है क्योंकि उन्हें कोई काम सही तरह करने में दिक्कत होती है या फिर वे इस काम को सही तरह से करना नहीं जानते जिसकी वजह से उनकी खिल्ली उड़ाई जाती है. ऐसे में आप बच्चे का आत्मविश्वास बढ़ाने के लिए उसे इन कामों को सही तरह से करना सिखा सकते हैं. इससे अपने यार-दोस्तों के सामने भी बच्चे का कॉंफिडेंस बना रहता है.

बच्चे के विचारों को दबाएं नहीं - पैरेंट्स एक आम गलती यह कर देते हैं कि जब बच्चा अपने विचार उनके सामने रखता है तो वे उसकी बातों पर ध्यान नहीं देते. कई बार तो यह भी होता है कि बच्चा अगर थोड़ा भी खुलकर व्यवहार करता है तो पैरेंट्स उसे यह कहकर चुप करवा देते हैं कि इतराओ मत. ऐसे में बच्चे अपने आपको एक्सप्रेस करने से कतराने लगते हैं.

करें बच्चे की सराहना - बच्चा किसी चीज में बुरा होगा तो ऐसे भी बहुत से काम होंगे जिसमें वह सबसे अच्छा होगा या फिर जिन कामों को वह अच्छी तरह कर सकता है. इसीलिए बच्चे की सराहना करना जरूरी है. बच्चे को इससे कॉंफिडेंस मिलता है और वह खुद को बेहतर करने की तरफ अग्रसर होता है.

घर पर ही करवाएं कॉंफिडेंस बढ़ाने वाली एक्टिविटीज - आप बच्चे को घर में ही अपने मन की बात कहने के लिए, सबके सामने कुछ गाकर सुनाने या डांस करने के लिए प्रोत्साहित कर सकते हैं. बच्चे को जो कुछ अच्छा लगता है वह सभी के सामने करके दिखाने में कंफर्टेबल है या नहीं उससे पूछें. धीरे-धीरे बच्चे अगर घर के सदस्यों के सामने बोलना या अपनी खूबिया दिखाना शुरू करते हैं तो बाहरी लोगों के सामने भी उन्हें कॉंफिडेंट महसूस होने लगता है.

## इन 5 वजहों से माता-पिता की बात नहीं सुनते हैं बच्चे, समय रहते ध्यान देना है जरूरी

अक्सर ही बच्चे माता-पिता की बात को सुनकर भी अनसुना कर देते हैं. ऐसे में पैरेंट्स को यह समझना जरूरी है कि बच्चे के इस तरह बर्ताव करने की क्या वजह हो सकती है.

बच्चों की परवरिश करना कोई आसान काम नहीं होता है. पैरेंट्स बच्चों के बड़े होने तक खुद भी जीवन से जुड़ी अनेक नई बातें सीखते हैं और लगातार सीखते जाते हैं. लेकिन, इस पूरे सफर में पैरेंट्स ऐसी गलतियां भी करते हैं जिनसे बच्चे की परवरिश पर असर पड़ता है. कई बार माता-पिता को यह देखकर हैरानी होती है कि बच्चे उनकी बात नहीं सुन रहे हैं या बात को सुनकर नजरअंदाज कर देते हैं. ऐसे में कई बार पैरेंट्स को यह समझने में दिक्कत होती है कि बच्चों के इस बर्ताव की क्या वजह है. अगर आप भी बच्चों के इसी व्यवहार से परेशान हैं तो यहां जानिए किन वजहों से बच्चे माता-पिता की बात को अनसुना करने लगते हैं.

जरूरत से ज्यादा सख्ती

अगर माता-पिता बच्चे पर जरूरत से ज्यादा सख्ती करने लगते हैं तो बच्चे उनकी बात सुनना बंद कर देते हैं. बच्चों को लगने लगता है कि पैरेंट्स की सख्ती से बचने का तरीका है उनकी बात ना मानना और आखिर में किसी भी बात को सुनने से इंकार कर देना. ऐसा बच्चे ज्यादातर पैरेंट्स से बदला लेने के लिए करते हैं.

हमेशा चिल्लाकर बात करना

पैरेंट्स अगर बच्चे पर हर समय ही चिल्लाते रहते हैं और उससे किसी भी काम को करने के लिए चिल्लाकर ही बात करते हैं तो इससे बच्चा घबरा जाता है. बच्चे को लगता है कि चुप रहकर और बातों को अनसुना करके ही खुद को प्रोटेक्ट कर सकते हैं.

बहुत ज्यादा नियम

बच्चों पर अलग-अलग और ढेर सारे नियम थोप दिए जाने पर भी उन्हें अच्छा नहीं लगता है. बच्चे इन नियमों से तंग आकर पैरेंट्स की एक भी बात सुनना पसंद नहीं करते हैं और सोचते हैं कि इन नियमों के जवाब में अब वे हर काम को और हर बात को अनसुना कर देंगे.

अटेंशन के लिए भी करते हैं

कई बार बच्चे माता-पिता की बात इसलिए नहीं सुनते क्योंकि उन्हें अटेंशन चाहिए होता है. माता-पिता बच्चे पर ध्यान दें और उसके इस व्यवहार के लिए उससे आकर सवाल-जवाब करें इसीलिए बच्चे पैरेंट्स की बात नहीं सुनते, उन्हें इग्नोर करते हैं और उनसे उखड़ा-उखड़ा रवैया अपनाने लगते हैं.



## बच्चे को होता है सेल्फ डाउट और खुद को समझता है सबसे कमतर

### तो पैरेंट्स इन 4 तरीकों से बढ़ाएं उसका कॉंफिडेंस

**आपका बच्चा अगर खुद पर विश्वास नहीं करता है और सेल्फ डाउट से घिरा रहता है तो यहां जानिए किस तरह उसका आत्मविश्वास बढ़ाया जा सकता है.**

माता-पिता को अक्सर लगता है कि बच्चों को जीवन में किसी तरह की परेशानी नहीं होती या फिर बच्चों पर कोई जिम्मेदारी नहीं होती इसीलिए उन्हें हर स्थिति में खुश रहना चाहिए. लेकिन, ऐसी बहुत सी चीजें हैं जिनसे बच्चे अकेले गुजरते रहते हैं. बच्चे खुद की तुलना दूसरे बच्चों से करने लगते हैं, हर किसी की डांट सुनकर खुद को सबसे कम समझने लगते हैं, उनपर अच्छी परफोर्मेंस का प्रेशर होता है तो साथ ही उनकी भावनाएं कई बार माता-पिता या दोस्त कोई नहीं समझ पाता जिससे बच्चे खुद को अकेला महसूस करते हैं. इसके अलावा, अक्सर ही बच्चे सेल्फ डाउट में पड़ जाते हैं और अपना आत्मविश्वास खो देते हैं. ऐसे में माता-पिता बच्चे को समझते हुए उसे इस दुविधा से निकालने की कोशिश कर सकते हैं. अगर आपको लगता है कि आपका बच्चा सेल्फ डाउट में रहता है, कॉंफिडेंट फील नहीं करता और खुद को दूसरे बच्चों से कम समझता है तो यहां जानिए किस तरह बच्चे के आत्मविश्वास को बढ़ाने में मदद की जा सकती है.

नकारात्मक बातों को दूर करना सिखाएं

बच्चे कई बार नकारात्मक और सकारात्मक बातों में अंतर करना नहीं जानते और इसीलिए कुछ बुरा भी हो तो उसे अपने अंदर दबाए रखते हैं. यही नकारात्मक बातें बच्चों को अंदर ही अंदर खाने लगती हैं. ऐसे में बच्चों को सिखाएं कि किस तरह नकारात्मक बातों को पहचानकर उनसे दूरी बनाई जा सकती है. नकारात्मक भावनाओं को दूर करके ही सेल्फ डाउट से छुटकारा पाया जा सकता है.

स्ट्रेंथ पर फोकस करना

बच्चे को उसकी स्ट्रेंथ पर फोकस करना सिखाएं. जिन कामों में बच्चा अच्छा है उन कामों में खुद को वह और कैसे बेहतर बनाए और किस तरह अपनी सफलताओं से कॉंफिडेंट महसूस करे यह उसे बताएं. इससे आत्मविश्वास तो बढ़ता ही है, साथ ही बच्चों में सकारात्मक विचारों का संचार होता है.

हार लेकर ना बैठना

बच्चा अगर अपनी गलतियों या हार के बोझ तले बैठा रहेगा तो यकीनन इससे उसका आत्मविश्वास कम होगा. ऐसे में बच्चे को सिखाएं कि जीवन में जीत और हार लगे रहते हैं, लेकिन हार को लेकर बैठना और खुद को हारा हुआ महसूस करना सही नहीं है. हार से सीखना और आगे बढ़ते रहना जरूरी होता है.

आत्मनिर्भर होना

अगर बच्चे को लगता है कि वह कोई भी काम खुद से नहीं कर सकता या फिर उसे हर काम को करने के लिए किसी की जरूरत है, तो यह उसकी लो सेल्फ एस्टीम को दर्शाता है. ऐसे में पैरेंट्स के लिए जरूरी है कि वे कम उम्र से ही बच्चे को आत्मनिर्भर होना सिखाएं. कम से कम छोटे-मोटे काम और जिम्मेदारियां बच्चा खुद उठाने लगे जिससे उसके सेल्फ कॉंफिडेंस में वृद्धि हो.

## केंद्रीय मंत्री शांतनु ठाकुर ने स्वरूपनगर में इचामती नदी (एनडब्ल्यू 44) पर पुल का किया शिलान्यास

**स्वनरूपनगर:** केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन एवं जलमार्ग राज्यमंत्री शांतनु ठाकुर ने आज यहां सिंगल लेन सड़क पुल की आधार शिला रखी। नए आरसीसी पुल को यात्रियों के लिए सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित करने, निर्बाध नौवहन की सुविधा मुहैया कराने, क्षेत्रीय विकास और संपर्क लक्ष्यों को समर्थन प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है।

नया आरसीसी पुल 2 टन तक के भार के साथ यात्रियों और माल की सुरक्षित आवाजाही में सहायक होगा। करीब 16 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित इस नए पुल का सभी मौसम में उपयोग किया जा सकेगा। यह पुल 64 मीटर लंबा होगा तथा इस में दोनों ओर 120 मीटर की एप्रोच सड़कें होंगी। यातायात और सुरक्षा में सुधार के प्रयासों के तह स्वरूपनगर में इचामती नदी को पार करने के लिए बने मौजूदा बांस के पुल की जगह इस आरसीसीपुल को बनाया जा रहा है। बंदरगाह, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय के अंतर्गत देश में अंतर्देशीय जलमार्ग विकास के लिए नोडल एजेंसी, भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण (आईडब्ल्यूएआई) 16 करोड़ रुपये से अधिक



के निवेश से इस सिंगल लेन पुलका निर्माण कर रही है। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री शांतनु ठाकुर ने कहा, ''आज एतिहासिक अवसर है क्योंकि इलाकों के लोगों की लंबे समय से प्रतीक्षित इच्छा का सम्मोन करते हुए हम स्वतरूप नगर में पुल की आधारशिला रख रहे हैं। इससे न केवल पहुंच आसान होगी बल्कि क्षेत्र के लिए इलाके में आर्थिक समृद्धि के द्वार भी खुलेगा। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के सक्षम नेतृत्व में हमारी सरकार राष्ट्रीय जलमार्ग संख्या 44 यानी इचामती नदी के महत्वपूर्ण हिस्सों पर ड्रेजिंग के साथ नौवहन में सुधार के लिए कई परियोजनाओं पर काम कर रही है। हम मोदीजी के विकसित भारत के सपने को साकार करने की दिशा में पश्चिम बंगाल के बुनियादी ढांचे के विकास और समृद्ध जलमार्ग नेटवर्क को सशक्त बनाने के लिए दृढ़ता से प्रतिबद्ध हैं।'' आईडब्ल्यूएआई ने ह्ब्ब् 44 पर प्रमुख नदी खंडों पर नौवहन क्षमता बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण प्रयास शुरू किए हैं। इस पहल के अंतर्गत जलकुंभी, खरपतवार और अपशिष्ट पदार्थ - जिसमें प्लास्टिक और गैर-प्लास्टिक दोनों तरह के मलबे के साथ-साथ प्राकृतिक और कृत्रिम रूप से डंप किए गए पदार्थ शामिल हैं। कोटेंटुलिया (ष्द्ध 40 किमी) सेकलंची (ष्द्ध63.38 किमी) तक साफकिया गया है।

## गिफ्ट वार्म्थ' उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने छत्तीसगढ़ में लॉन्च किया रीन्यू का विंटर सपोर्ट कैंपेन

**रायपुरः** विकार्बोनीकरण समाधानों में अग्रणी कंपनी रीन्यू एनर्जी ग्लोबल पीएलसी ने अपने सालाना अभियान 'गिफ्ट वार्म्थ' के 10वें संस्करण का लॉन्च किया, जिसका उद्देश्य सर्दियों के महीनों में ज़रूरतमंद समुदायों को सहयोग प्रदान करना है। इस साल रीन्यू 9 राज्यों में 200,000 कंबल वितरित कर रही है। इस पहल के तहत कंपनी ने गुरूवार, 2 जनवरी को छत्तीसगढ़ के कबीरधाम ज़िले में 4000 कंबल बांटे। राज्य के माननीय उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा भी इस अवसर पर मौजूद रहे और ज़रूरतमंद लोगों को कंबल बांटे। इस प्रयास के साथ रीन्यू द्वारा वितरित कंबलों की संख्या 1 मिलियन के आंकड़े तक पहुंच जाएगी। रीन्यू स्थानीय अधिकारियों और अपने कर्मचारियों के साथ काम करते हुए इस अभियान की प्रभावी पहुंच को सुनिश्चित करता है। उन लोगां और समुदायों को कंबल पहुंचाता है, जो शीत लहर से सबसे ज़्यादा प्रभावित हैं। कंबल वितरण की शुरूआत ज़िला स्तर पर होगी, जिसमें रायपुर एवं आस-पास के सबसे



वंचित लोगों पर ध्यान केन्द्रित किया जाएगा। रीन्यू के कर्मचारी कंबल वितरण के लिए रात्रि अभियानों का संचालन करेंगे तथा दान के माध्यम से आश्रयस्थलों को सहयोग भी प्रदान करेंगे। श्रीमति वैशली निगम सिन्हा, सह-संस्थापक एवं चेयरपर्सन सस्टेनेबिलिटी, रीन्यू ने कहा, ''गिफ्ट वार्म्थ ज़रूरतमंद समुदायों के जीवन में बदलाव लाने की रीन्यू की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। पिछले सालों के दौरान, यह पहल कंबल दान अभियान से कहीं आगे बढ़ चुकी है, यह समाज के प्रति सहानुभुति और देखभाल दर्शाने का सामुहिक प्रयास है। इस साल हम अभियान के दसवें संस्करण का संचालन कर रहे हैं, मैं रीन्यू के कर्मचारियों और उनके परिवारों के समर्पण से प्रेरित हूं, जो हर साल इस अभियान के लिए एकजुट होकर काम करते हैं।' सस्टेनेबल डेवलपमेन्ट की दिशा में सामुदायिक प्रयासों के अनुरूप छोटे व्यवसायों से कंबल खरीदकर रीन्यू स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी बढ़ावा देती है। 'गिफ्ट वार्म्थ' अभियान की शुरूआत 2015 में यह सुनिश्चित करने के लिए की गई कि कोई भी व्यक्ति ठंड में परेशान न हो।

## संक्षिप्त समाचार

### बालोद जिला प्रेस क्लब ने कैंडल मार्च निकाल दी पत्रकार मुकेश चंद्राकर को श्रद्धांजलि

#### बस्तर समेत पूरे छत्तीसगढ़ में पत्रकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग

**बालोद ( समय दर्शन )।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर के युवा पत्रकार साथी मुकेश चंद्राकर की हत्या के बाद पत्रकारों में इस घटना को लेकर चौतरफा विरोध देखा जा रहा है। यह घटना पत्रकारों के लिए स्तब्ध करने वाली एवं बेहद दुखद घटना है। बस्तर में पत्रकारिता हमेशा से चुनौतियों से भरी रही है। लेकिन ताज़ा घटना ने बता दिया है कि एक भ्रष्ट व्यवस्था के ख़िलाफ़ आवाज़ उठाने की क़ीमत जान दे कर चुकानी होती है। पत्रकार साथी मुकेश चंद्राकर की हत्या से प्रदेश भर के पत्रकारों में गहरी पीड़ा और आक्रोश है। वही इस घटना के बाद बालोद जिला प्रेस क्लब ने मामले पर कड़ी निन्दा करते हुए कैंडल मार्च निकाला इस कैंडल मार्च में बालोद जिले के पत्रकारों के अलावा चैंबर आफ कामर्स, जिला अधिवक्ता,सहित विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी शामिल हुए। इस दौरान बालोद जय स्तंभ चौक में मोमबत्ती जलाकर पत्रकार मुकेश चंद्राकर को श्रद्धांजलि अर्पित कि गई।

इस घटना के बाद जिला प्रेस क्लब बालोद ने राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपते हुए यह मांग कि है कि इस हत्याकांड की जांच के लिए एसआईटी गठन कर जांच करवाई जाए और हत्यारों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई करते हुए उन्हें फांसी की सजा हो पत्रकार मुकेश चंद्राकर को शहीद का दर्जा दिया जाए उनके परिवार को 1 करोड़ की आर्थिक सहायता एवं परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दिया जाए, वही केंद्र एवं राज्य सरकार से मांग किया गया कि बस्तर समेत पूरे छत्तीसगढ़ में पत्रकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी हो घटना पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि पत्रकारो को आये दिन झूठे मामले में फंसाना मारपीट करना ऐसे उत्पीड़न से पत्रकारों को गुजरना पड़ता है इन सब के लिए कड़ा कदम उठाया जाये पत्रकार मुकेश चंद्राकर की हत्या के मामले में जिस भी अधिकारी द्वारा लापरवाही की गई है उन पर भी कड़ी कार्यवाही की जाए। वही जिला प्रेस क्लब के सहित पत्रकारों ने कहा कि शोक की इस घड़ी में जिला प्रेस क्लब बालोद अपने पत्रकार साथी मुकेश चंद्राकर के परिवार के साथ खड़ा है। आगे उनके परिवार को न्याय दिलाने अपनी आवाज लगातार बुलंद करते रहेंगे ।

### उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा से मिले विवेक मोनू भंडारी




**राजनांदगांव।** अंग्रेजी नववर्ष के प्रथम दिवस जिजत्सु एसोसिएशन ऑफ़ राजनांदगांव खेल संघ के जिलाध्यक्ष विवेक मोनू भंडारी प्रदेश के उप मुख्यमंत्री व राजनांदगांव जिले के प्रभारी मंत्री विजय शर्मा जी से मुलाकात कर बधाई दी।

साथ राजनांदगांव सहित डोंगरगढ़ में खेल की संभावनाओं को देखते हुए चर्चा के दौरान खिलाड़ियों को लगातार होने वाली परेशानियों से रुबरु कराया। साथ ही डोंगरगढ़ शहर में जिजत्सु इंडोर स्टेडियम व हाल की मांग की, जिससे प्रतिभावान खिलाड़ियों को लगातार अपने अभ्यास में होने वाली दिक्कतों से छुटकारा मिल पाएगा और निश्चित ही डोंगरगढ़ सहित आसपास के खिलाड़ियों द्वारा देश-दुनिया में राजनांदगांव जिले सहित छत्तीसगढ़ का नाम रौशन हो पायेगा।

श्री भंडारी ने आगे अपनी बार रखते हुए आगे कहा कि खिलाड़ियों की प्रदेश में भाजपा की सरकार आने पर जो सुविधाओं में इजाफा हुआ है, खेल अलंकरण की फिर से शुरुआत हो सकी है, जिससे खिलाड़ियों में उत्साह का माहौल है, जिससे डोंगरगढ़ शहर की बहुप्रतीक्षित मांग जो लगातार खिलाड़ियों द्वारा की जा रही थी इंडोर स्टेडियम की, उसका सपना अब भाजपा सरकार आने से पूर्ण होता दिखाई पड़ रहा है। स्टेडियम के निर्माण से निश्चित तौर पर खो-खो, कबड्डी, व्हालीबाल, जुडो कराटे, टेबल टेनिस, बैडमिंटन जैसे अनेक खेल को बढ़ावा मिल सकेगा और खिलाड़ियों के प्रदर्शन में अनेकों सुधार हो सकेंगे।

बात करें डोंगरगढ़ की तो बिना किसी सुविधाओं के लगातार डोंगरगढ़ से विभिन्न खेलों में लगातार राज्य एवं राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अनेकों खिलाड़ियों ने अपने प्रदर्शन से प्रदेश को आश्चर्यचकित कर कई मैडल भी लाए है, जिस पर प्रभारी मंत्री विजय शर्मा द्वारा जल्द ही निर्णय लेने की बात कही गई। साथ ही उपस्थित भाजपा नेता योगेश सत्री अग्रवाल द्वारा उपमुख्यमंत्री को मां बम्लेश्वरी देवी जी की चुनरी भेंटकर माता जी का फोटो प्रदान किया गया और उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा को जल्द ही डोंगरगढ़ पधारने व प्रशासनिक व्यवस्था को दुरुस्त कर प्रदेश में डबल इंजन की सरकार का लाभ प्रत्येक लाभार्थी तक आसानी तक पहुँचाए जाने की बात कही।

# विधायक चातुरी नंद ने ग्राम चनाट में सार्वजनिक वर्क शेड निर्माण का किया भूमिपूजन

**सरायपाली (समय दर्शन)।** स्थानीय विधायक चातुरी नंद ने ग्राम चनाट में 15 लाख रूपये की लागत से निर्माणाधीन सार्वजनिक वर्कशेड निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। विधायक नंद के पहुंचने पर धूमधाम से स्वागत सत्कार किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक चातुरी नंद, सरपंच और स्थानीय जन प्रतिनिधियों ने ग्राम देवी देवताओं की पूजा अर्चना कर किया।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक नंद ने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए मैं हरसंभव प्रयास कर रही हूं। इसी कड़ी में चनाट में सार्वजनिक वर्क शेड का निर्माण कराया जा रहा है। वर्कशेड निर्माण पूरा होने से ग्रामीणों को फायदा होगा। उन्होंने कहा कि गांव में सीसी रोड, हाई मास्क लाइट



समेत विभिन्न कार्य स्वीकृत कराए गए है जो पूर्ण हो चुके है।

विधायक चातुरी नंद ने कहा कि चनाट क्षेत्र से मुझे हमेशा ही भरपूर समर्थन मिला है जिसके लिए मै सदैव ऋणी रहूंगी।

कार्यक्रम को ग्राम पंचायत चनाट की सरपंच समेत स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत के सरपंच श्रीमती हेमकुंवर रमेश पटेल विधायक प्रतिनिधि रमेश पटेल ओमपकाश पटेल, करन पटेल, भारत पटेल, मोहन पटेल, जय कुमार पटेल, उदल पटेल, नितेश पटेल, लव पटेल, अजय पटेल, कुंजन पटेल, देवेश पटेल, कमलदेव पटेल, संतलाल, सुकलाल भोई, समेत कांग्रेस कार्यकर्ता और ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## दिव्यांग बच्चों के साथ मनाया विश्व ब्रेल दिवस : वि.हि.प बजरंगदल

**सरायपाली ( समय दर्शन )।** विश्व हिंदू परिषद् बजरंग दल सराईपाली द्वारा उड़ान दृष्टि एवं श्रवण बाधितार्थ विशेष आवासीय विद्यालय सरायपाली में संचालिका उमा साहू के द्वारा बजरंगदल के गौ सेवकगण विहिप प्रखंड अध्यक्ष गुड्डु जायसवाल, बजरंगदल जिला गौ रक्षा प्रमुख मयंक पाणिग्राही, बजरंगदल प्रखंड संयोजक प्रदीप साहू , सह संयोजक नंदन सिंह, कार्यकर्ता अभय सिंह एवं दुर्गा वाहिनी से राखी महाखुड़, भूमि साहू और मातृशक्ति से गायत्री पटेल जी को सम्मान किया गया , जो कि सदैव हिंदुत्व एवं समाजसेवा में तत्पर रहते हैं । इसके साथ साथ उमा दिव्यांग बच्चों के लिए अपना जीवन समर्पित




एवं दिव्यांग जनों के लिए कार्य, दिव्यांग बच्चो को विशेष शिक्षा देने के लिए सदैव तत्पर रही हैं । विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल द्वारा कल दिनांक 04/01/25 को विश्व ब्रेल दिवस के मौके पर विश्व हिन्दू परिषद् बजरंगदल के द्वारा भी उमा का सम्मान मोमेंटो और गुलदस्ता से किया गया ।

## चिकित्सक एवं स्टाफअनुशासित एवं संवेदनशील होकर मरीजों को सेवा प्रदान करें - कलेक्टर

#### कलेक्टर ने निक्षय निरामय अभियान की समीक्षा, बेहतर क्रियान्वयन के दिए निर्देश



**मुंगेली ( समय दर्शन )** कलेक्टर राहुल देव ने शुक्रवार शाम को जिला चिकित्सालय के सभाकक्ष में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत गठित जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक ली। उन्होंने जिला चिकित्सालय में की जा रही सोनोग्राफी, एक्स-रे, लैब जांच, ओ.पी.डी. सेवायें आदि की जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि सभी चिकित्सक एवं स्टाफ को अनुशासित और संवेदनशील होकर मरीजों को सेवा प्रदान करें। आपके कार्य से लोगों के बीच में आपकी पहचान होना चाहिए। उन्होंने स्वास्थ्य केंद्रों में चिकित्सको की उपस्थिति की जानकारी ली और सभी चिकित्सको को अनिवार्य रूप से निर्धारित समय पर अपने कार्यस्थल पर उपस्थित होकर मरीजों का उपचार करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने जिले में अनुबंध पर कार्यरत अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित चिकित्सकों पर नाराजगी व्यक्त की और कहा कि ऐसे चिकित्सकों पर नियमानुसार कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि जिले के नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराना शासन की प्राथमिकता है और इसमें कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कलेक्टर ने निक्षय निरामय अभियान के बेहतर क्रियान्वयन के निर्देश भी दिए। इस अभियान के तहत मितानीन बहनें घर-घर जाकर टीबी, कुष्ठ रोग, मलेरिया और वृद्धजनों की बीमारियों की पहचान कर उपचार कर रही हैं। कलेक्टर ने नागरिकों से अपील की कि वे सर्वे टीम का सहयोग करें, ताकि समय पर जांच और उपचार हो सके। कलेक्टर ने आयुष्मान वय वंदना कार्ड के तहत 70 वर्ष एवं इससे अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिकों का घर-घर जाकर आयुष्मान कार्ड बनाने का निर्देश दिए। उन्होंने जिला चिकित्सालय में विभिन्न मदों से प्राप्त राशि के उपयोग की जानकारी भी ली। उन्होंने 100 बिस्तर मातृ एवं शिशु चिकित्सालय मुंगेली में 01 स्त्रीरोग विशेषज्ञ एवं 01 शिशुरोग विशेषज्ञ की पदस्थापना करने हेतु मांग पत्र संचालक स्वास्थ्य सेवायें को तत्काल पत्र प्रेषित करने निर्देशित किया। बैठक दौरान जिले को टीबी मुक्त करने शपथ भी लिया गया।

**पुलिस अधीक्षक ने साइबर अपराध से बचाव के संबंध में दी जानकारी-** पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल ने कहा कि सभी अस्पताल के सीसीटीवी चालू हालत में रहें और जहां नहीं लगे हैं वहां तत्काल लगाये जायें। समय-समय पर सीसीटीवी ऑडिट भी कराये जायें। उन्होंने कहा कि अस्पताल, थाना और न्यायालय समाज के बहुत ही महत्पूर्ण अंग है। उन्होंने कहा कि लीगल प्रकरणों में भी चिकित्सक की भूमिका बड़ी महत्वपूर्ण होती है। अनेकों बार चिकित्सक सही रिपोर्ट नहीं देते हैं या अस्पष्ट रिपोर्ट देते हैं, जिससे अपराधी साक्ष्य के अभाव में कोर्ट से छूट जाते हैं।

## दीक्षा और श्रुति खेलो इंडिया राष्ट्रीय योग स्पर्धा में करेंगी छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व



**राजनांदगांव।** शहर की प्रतिभावान दो महिला योग खिलाड़ी दीक्षा ताम्रकार और श्रुति ताम्रकार दोनों ही बहनों का चयन आगामी दिनांक 5 से 7 जनवरी को दिल्ली में आयोजित होने वाले खेलो इंडिया राष्ट्रीय योग प्रतियोगिता के लिए हुआ है। दोनों ही खिलाड़ी अपने योग प्रशिक्षक किशोर माहेश्वरी के साथ आज शाम की ट्रेन समता सुपर फास्ट एक्सप्रेस से दिल्ली के लिए रवाना हुई है। दोनों ही खिलाड़ी शहर के योगाचार्य किशोर माहेश्वरी के कुशल मार्गदर्शन में नियमित रूप से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।

शहर के योगाचार्य किशोर माहेश्वरी ने उक्तशय की जानकारी देते हुए बताया कि, दीक्षा ताम्रकार और श्रुति ताम्रकार दोनों ही सगी बहने हैं और दोनों ही प्रतिभाशाली हैं और अपने खेल कौशल से संस्कारधानी नगरी सहित छत्तीसगढ़ प्रदेश का नाम बीते कुछ वर्षों से लगातार रौशन कर रही है। बीते वर्ष 24-25 अगस्त को जोधपुर में आयोजित वेस्ट जोन खेलो इंडिया वूमेंस लीग में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर आर्टिस्टिक पेयर इवेंट के लिए हुआ है, उनकी यह उपलब्धि हमारे लिए भी गौरव का विषय इसलिए भी है, क्योंकि छत्तीसगढ़ प्रदेश के 26 खिलाड़ियों में से केवल मात्र इन दोनों ही खिलाड़ियों का चयन उक्त राष्ट्रीय स्तर की स्पर्धा के लिए हुआ है, उनके इस पूरे सफर में छत्तीसगढ़ योगासन संघ के प्रमुख पदाधिकारी डोमेंद्र देवांगन का मार्गदर्शन उन्हें लगातार प्राप्त होता रहा है और उन्होंने भी उक्त राष्ट्रीय प्रतियोगिता में अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन करने अग्रिम शुभकामनाएं दी है।

बता दें कि, दोनों ही खिलाड़ी शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय की नियमित छात्राएं हैं। दीक्षा बीए द्वितीय वर्ष की और श्रुति एमएससी पूर्व में अध्ययनरत हैं। दोनों ही खिलाड़ियों के चयन के लिए महाविद्यालय की प्राचार्या श्रीमती दामले और जनभागीदारी के अध्यक्ष अतुल रायजादा ने भी प्रसन्नता जाहिर की है, इतना ही नहीं महाविद्यालय के ही खेल विभाग प्रमुख अरुण चौधरी और शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय के सेवानिवृत्त खेल अधिकारी प्रदीप कुमार हरि ने भी उनकी इस उपलब्धि की भूरी-भूरी प्रशंसा की है। वहीं राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र के सांसद संतोष पांडे ने भी उन्हें बहुत आशीर्वाद दिया है। इतना ही नहीं छत्तीसगढ़ योगासन संघ के अध्यक्ष जयंत भारती और महासचिव मेजर सिंह का भी उन्हें आशीर्वाद प्राप्त हुआ। दोनों ही खिलाड़ियों की इस उपलब्धि के लिए इष्ट मित्रों सहित परिवारजनों ने उन्हें अग्रिम शुभकामनाएं प्रेषित की है।

## खेलों इंडिया सेंटर के खिलाड़ियों ने प्रदूषण को रोकने निकाली साईकिल रैली

#### नागरिकों को जागरुक करने निकाली साईकिल रैली

**महासमुंद ( समय दर्शन )।** भारतीय खेल विकास प्राधिकरण एवं संचालनालय के निर्देश अनुसार खेलों इंडिया आर्चरी ट्रेनिंग सेंटर खेल एवं युवा कल्याण महासमुंद द्वारा फिट इंडिया रविवार को तीरंदाजी प्रशिक्षक एवन कुमार साहू के नेतृत्व में साईकिल कैंपेन का आयोजन किया गया, जिसमें खेलों इंडिया सेंटर भोरिंग महासमुंद एवं तुमगांव के खिलाड़ियों ने देश में होने वाले प्रदूषण को रोकने एवं फिट रहने



लोगों को जागरूक करने के लिए साईकिल रैली निकाल कर संदेश दिया। भारत सरकार की योजना के अन्तर्गत संचालित खेलो इंडिया तीरंदाजी सेंटर के खिलाड़ियों एवं तुमगांव के खिलाड़ियों ने एक साथ जिले के नागरिकों को अपने स्वस्थ को ठीक रखने एवं प्रदूषण को रोकने के उद्देश्य से खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण महासमुंद मनोज धृतलहरे के मार्गदर्शन में एवं डॉ. सुनील कुमार भोई की उपस्थिति में साईकिल रैली निकाली। साई भोपाल द्वारा प्रत्येक रविवार को साईकिल रैली आयोजन करने खिलाड़ियों को जूम मीटिंग के माध्यम से प्रोत्साहित किया जा रहा हैं।

# बीजापुर के पत्रकार मुकेश चंद्राकर को नगर के पत्रकारों , जनप्रतिनिधियों व नागरिको ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि

### पत्रकार सुरक्षा कानून लागू होने पर ही होगी सच्ची श्रद्धांजलि, राज्यपाल के नाम सौंपा जायेगा ज्ञापन

**सरायपाली( समय दर्शन )।** बीजापुर बस्तर के निर्भीक पत्रकार स्व.मुकेश चंद्राकर के जघन्य हत्या से नगर के पत्रकारों , जनप्रतिनिधियों व नगरवासियों में भारी आक्रोश व्याप्त है । सभी ने इस हत्याकांड की जड़ी निंदा की है व आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही किये जाने की मांग की है ।

इस संबंध में नगर के पत्रकारों द्वारा स्थानीय अग्रवाल धर्मशाला में एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन आयोजित किया गया । सर्वप्रथम स्व.मुकेश चंद्राकर के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर श्रद्धांजलि सभा की शुरुवात की गई व सभी उपस्थित लोगों ने चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी । श्रद्धांजलि सभा को वरिष्ठ पत्रकार प्रदीप गुप्ता , नपाध्यक्ष चंद्रकुमार पटेल , पार्षद गुंजन अग्रवाल , स्वर्णसिंह सलूजा , रोमी सलूजा , विपिन उबोवेजा , वरिष्ठ पत्रकार दिलीप गुप्ता , आयुष भट्ट , भगवान दास अग्रवाल ने अपने संयुक्त उद्बोधन में कहा कि यह एक अत्यंत ही दुखद घटना है । जिसकी जितनी भी निंदा की जाये कम है । पत्रकारों का कार्य क्षेत्र में घट रही घटनाओ को आमजनता तक पहुंचना है साथ ही शासन , प्रशासन के जनहित के कार्यो के साथ ही




योजनाओं में हो रहे भ्रष्टाचारों व अनियमितताओं से भी परिचित करता है । ताकि इन भ्रष्टाचारीयो पर कार्यवाही भी हो सके ।अपने लेखनी जे माध्यम से वे आईना दिखाने का कार्य भी करते हैं । आज देश मे मीडिया को चौथा स्तंभ कहा जाता है । इसी की वजह से देश , प्रदेश व स्थानीय स्तर पर हो रहे विकास , निर्माण व जनोपयोगी योजनाओं की जानकारी के साथ साथ निर्माण व विकास कार्यो में किये जा रहे अनियमितताओं व भ्रष्टाचार की भी जानकारी मिलती है । सभी वक्ताओं ने एक स्वर में सरकार से मांग करते हुवे कहा कि पत्रकारों को निर्भीक व स्वतंत्र होकर कार्य किए जाने हेतु सबसे पहले पत्रकारों को सुरक्षा की गारंटी मिलनी आवश्यक है । पत्रकारों के खिलाफदुर्भावनावश जरिये जाने वाले एफआईआर की पहले जांच होनी चाहिए साथ ही वर्षो से लंबित पत्रकार सुरक्षा कानून को पत्रकारों के हित मे तत्काल प्रभाव से लागू किये जाने की मांग की गई ।


इस अवसर पर भोज अग्रवाल , राजू सहारा , किशोर कर , जीत तिवारी , सुरेश गुप्ता , गणेश दास , नृपनिधि पांडे , आयुष साहू ,अभिनव शाह , रणवीर मेश्राम , माधव दास , कुणाल बरिहा, शिवा निषाद , इरफान शेख , टिकेश्वर मिश्रा ,जफर उल्ला , इनायत खान के साथ ही अनेक नागरिक गण उपस्थित थे ।

#### राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा जायेगा

इस संबंध में सोमवार को महामहिम राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन सरायपाली अनुविभागीय अधिकारी ( राजस्व) को सौंपकर पत्रकार मुकेश चंद्राकर के हत्यारों को कड़ी सजा दिए जाने व राज्य में पत्रकारों की सुरक्षा हेतु लंबित पत्रकार सुरक्षा कानून को शीघ्र लागू किये जाने हेतु ज्ञापन सौंपा जाएगा । उक्त जानकारी वरिष्ठ पत्रकार व प्रेस क्लब के उपाध्यक्ष दिलीप गुप्ता द्वारा दी गई ।

## खबर-खास

## 35 वां राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह पर स्कूल बस चेकिंग और स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगाया



**कवर्धा ( समय दर्शन )।** 35वें राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2025 के तहत पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के निर्देशन में रविवार 5 जनवरी को यातायात विभाग और परिवहन विभाग ने विशेष कार्यक्रम के तहत स्कूल बस चेकिंग और स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगाया, जिसमें 132 स्कूल बसों की सुरक्षा और उनके चालक-परिचालकों का नेत्र और स्वास्थ्य जांच की गई। यातायात और परिवहन विभाग द्वारा प्रशिक्षित चिकित्सकों के सहयोग से आयोजित इस शिविर में 122 स्कूली वाहनों की तकनीकी चेकिंग की गई। चेकिंग के दौरान 13 वाहनों में तकनीकी कमियां पाई गईं, जिन पर सुधार के निर्देश दिए गए और 34,000 रुपए का चालान भी किया गया। खामी दूर होने के बाद ही वाहन पुन: संचालन की अनुमति दी जाएगी। पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह ने कहा कि सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता और यातायात नियमों का पालन दुर्घटनाओं को रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने वाहन चालकों और परिचालकों से अपील की कि वे बच्चों को सुरक्षित रूप से स्कूल ले जाने और वापस लाने में पूरी सावधानी बरतें। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल और पंकज पटेल, उप पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार चंद्राकर, स्वास्थ्य विभाग के प्रशिक्षित चिकित्सक, परिवहन अधिकारी मोहन साहू, यातायात प्रभारी प्रवीण खलको और अन्य यातायात स्टाफने सक्रिय भागीदारी निभाई। सभी ने स्कूल वाहनों की सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाए। इस कार्यक्रम को लेकर स्थानीय नागरिकों और शैक्षणिक संस्थानों ने सराहना की और इसे सड़क सुरक्षा की दिशा में एक सकारात्मक कदम बताया। भविष्य में भी इस प्रकार के आयोजन जारी रहेंगे, ताकि स्कूल बसों की सुरक्षा और चालक-परिचालकों के स्वास्थ्य की नियमित जांच सुनिश्चित की जा सके।

## नपा अध्यक्ष ने किया फूलों की झड़ी के साथ ग़जमाला से स्वागत



**गरियाबंद (समय दर्श न)।** जिले के विभिन्न निर्मित विकास कार्यों के लोकार्पण और भूमि पूजन कार्यक्रम में पधारे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का स्थानीय नगरपालिका अध्यक्ष गफ्फार मेमन व नगरपालिका के अधिकारी कर्मचारियों के द्वारा नगर के बस स्टेंड में फूलों की झड़ी के साथ ग़ज़माला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया।ज्ञात हो कि मुख्यमंत्री के नगर आगमन में उनके द्वारा जिले के विभिन्न निर्मित कार्यों के लोकार्पण के साथ प्रस्तावित कार्यों का भूमिपूजन किया गया,तत्पश्चात मुख्यमंत्री का बिजेपी सदस्यों से बीजेपी कार्यालय में चर्चा व मुलाकात कार्यक्रम किया जाना था।वही बीजेपी कार्यालय जाने के पूर्व मुख्यमंत्री के काफिले को बस स्टेंड के रोककर नगरपालिका अध्यक्ष और अधिकारी कर्मचारियों के द्वारा मुख्यमंत्री श्री साय का पटाखों फूलों के साथ गजमाला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया।साथ ही नपा अध्यक्ष गफ्फार मेमन ने उनके आगमन व विकास कार्यों को मूर्त रूप देने के लिए नगर के साथ जिले वासियों की ओर से आभार व्यक्त किया।

# बारह लाख नगद, 92 ब्लैंक चेक, 12 मोटर सायकल व कार, ट्रेक्टर के साथ सूदखोर गिरफ्तार


### 'आरोपी ने कर्ज न चुकाने पर पीड़ितों की संपत्तियां गिरवी रखवा ली थीं'

**कवर्धा ( समय दर्शन )।** पुलिस ने सूदखोरी के कुचक्र में फंसे पीड़ितों को न्याय दिलाने और समाज से इस कुप्रथा को समाप्त करने की दिशा में सशक्त कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपी भागवत साहू, पिता गोवर्धन साहू, निवासी मजगांव थाना कवर्धा को गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई में आरोपी की संपत्तियों और अवैध दस्तावेजों को जब्त कर सूदखोरी के एक बड़े रैकेट का भंडाफोड़ किया गया।

वर्षों से पीड़ितों को मोटे ब्याज पर कर्ज देकर उनके साथ आर्थिक शोषण कर रहे आरोपी भागवत कर्ज न चुकाने पर पीड़ितों की मोटरसाइकिल, कार, ट्रैक्टर, और अन्य कीमती संपत्तियां जबरन गिरवी रखवाकर उनका विक्रय इकरारनामा करवा लेता था। इस प्रकार से उन्हें मानसिक और सामाजिक रूप से प्रताड़ित करता था। उसकी गतिविधियों से दर्जनों परिवार बर्बादी के कगार पर पहुंच चुके थे।

यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक श्री धर्मेंद्र सिंह (प् ) के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेंद्र बघेल और श्री पंकज पटेल के मार्गदर्शन में उप पुलिस अधीक्षक श्री कृष्ण कुमार चंद्राकर के नेतृत्व में प्रशिक्षु उप पुलिस श्री सिद्धार्थ चौहान, थाना कोतवाली प्रभारी श्री लालजी सिन्हा, थाना कोतवाली और साइबर सेल की टीम ने की।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आरोपी के पास से ?12 लाख नगद, 92 ब्लैंक चेक (पीड़ितों के हस्ताक्षरित), 12 मोटरसाइकिलें,



1 कार, 1 ट्रैक्टर (ट्राली सहित) गाड़ियों के पंजीयन दस्तावेज और अन्य संपत्ति कागजात जब्त किया गया है। आरोपी के विरूद्ध 03/2025' धारा 308 (2) बीएनएस एवं धारा 4 छत्तीसगढ़ ऋणियों का संरक्षण अधिनियम तथा 04/2025' धारा 308 (2) बीएनएस एवं धारा 4 छत्तीसगढ़ ऋणियों का संरक्षण अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है।

पुलिस अधीक्षक श्री सिंह ने कहा कि 'कबीरधाम पुलिस किसी भी प्रकार के शोषण या अन्याय के खिलाफ पूरी ताकत से उनके साथ खड़ी है। सूदखोरों का नेटवर्क कितना भी गहरा क्यों न हो, हमारी कार्रवाई से इसे पूरी तरह समाप्त किया जाएगा। इस कार्रवाई ने उन पीड़ितों में आशा का संचार किया है, जो अब तक चुपचाप इस जाल में फंसे हुए थे। पुलिस ने इन पीड़ितों को विश्वास दिलाया है कि उनकी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता से किया जाएगा।

कबीरधाम पुलिस नागरिकों से अपील करती है कि यदि आप सूदखोरी का शिकार हैं या ऐसी किसी गतिविधि की जानकारी रखते हैं, तो बेझिझक पुलिस से संपर्क करें। सूचना देने वालों की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी। इसके अलावा, नागरिकों को शासन द्वारा उपलब्ध आर्थिक सहायता, लोन योजनाओं का लाभ लेने की सलाह दी जाती है। यह कार्रवाई कबीरधाम पुलिस की जनता के प्रति प्रतिबद्धता का एक उदाहरण है। सूदखोरी और अन्य अवैध गतिविधियों के खिलाफ पुलिस का यह अभियान अनवरत जारी रहेगा। पुलिस की कोशिश है कि समाज को इन शोषणकारी कुप्रथाओं से मुक्त कर एक सुरक्षित और समतामूलक वातावरण तैयार किया जाए।

## थाना पलारी पुलिस द्वारा जुआ खेलते हुए 07 आरोपी जुआरियों को किया गया गिरफ्तार

### आरोपी जुआरियों से नगदी ?41,500 एवं 52 पत्ती ताश किया गया जप्त

**पलारी / समय दर्शन ।** ऑपरेशन विश्वास के तहत थाना पलारी पुलिस द्वारा जुआ, सट्टा आदि अंवैधानिक कार्यों में लिप्त आरोपियों एवं अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कार्रवाई लगातार जारी है। इसी क्रम में आज दिनांक 04.01.2025 को थाना पलारी पुलिस द्वारा ग्राम ससहा में नकटा तालाब पार में जुआ खेलते हुए 07 जुआरियो को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी जुआरियों से नगदी ?41,500 एवं 52 पत्ती ताश जप्त किया गया है। आरोपी जुआरियों के विरूद्ध थाना पलारी में छ.ग. जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम 2022 की धारा 3(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया है।

**आरोपी जुआरियों के नाम**

1. पुणेंद्र पांडेय उम्र 35 साल निवासी ग्राम ससहा थाना पलारी।
2. मंशाराम साहू उम्र 40 साल निवासी ग्राम ससहा थाना पलारी।
3. राजिम लोचन उम्र 33 साल निवासी ग्राम ससहा थाना पलारी।



4. सुखनंदन शेखर उम्र 41 साल निवासी ग्राम ससहा थाना पलारी।
5. दिलीप कुमार साहू उम्र 50 साल निवासी ग्राम ससहा थाना पलारी।
6. श्रवण कुमार साहू उम्र 52 साल निवासी ग्राम ससहा थाना पलारी।
7. लेख राम साहू उम्र 37 साल निवासी ग्राम ससहा थाना पलारी।

## बालोद जिला भाजपा के अध्यक्ष बने चेमन देशमुख... छात्र राजनीति से शुरू हुआ राजनीति का सफर

**बालोद ( समय दर्शन )।** भारतीय जनता पार्टी संगठन पर्व के अंतर्गत बालोद जिले के मंडल अध्यक्षो की नियुक्ति के बाद आखिरकार राजनीतिक हलकों में लगातार नियुक्ति को लेकर चर्चा हो रही थी अनेक दावेदारों के नाम पर रायशुमारी हेतु जिला चुनाव प्रभारी नीलू शर्मा के आगमन के बाद दावेदारों के नामो पर अटकलों का दौर चल पड़ा था जो आज थमा और दोपहर जिला भाजपा कार्यालय में लगभग 600 से अधिक कार्यकर्ताओ की उपस्थिति में जिला चुनाव प्रभारी ने नए जिलाध्यक्ष के रूप में चेमन देशमुख के नाम की घोषणा की जैसे नाम की घोषणा हुई वैसे ही कार्यकर्ताओ में उत्साह का संचार दौड़ पड़ा अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से अपने स्कूली जीवन मे छात्र राजनीति की शुरुवात करने वाले चेमन देशमुख को कुशल



संगठक माना जाता है भिलाई जिला संगठन के सहप्रभारी के रूप में अपनी महत्ती भूमिका निभाने वाले देशमुख वर्तमान में जिला भाजपा के महामंत्री भी है सामाजिक राजनीतिक क्षेत्र में उन्होंने अलग पहचान बनाई है राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के भी बाल स्वयं सेवक रहे हैं जिला अध्यक्ष की नियुक्ति होने पर चेमन देशमुख को बालोद मंडल से वरिष्ठ भाजपा नेता यशवंत जैन पूर्व प्रदेश मंत्री राकेश यादव कृष्णकांत पवार प्रतिभा चौधरी शाहिद खान पार्षद कमलेश सोनी सुरेश निर्मलकर मंडल अध्यक्ष अमित चोपड़ा जिला मंत्री अम्बिका यादव पालक ठाकुर कल्याण साहू कृतिका साहू संतोष कौशिक नरेंद्र सोनवानी विनोद जैन रविप्रकाश पांडेय महेश पाठक समीर खान रौनक कत्याल सौरभ जैन हरीश दुबे शेखर यादव गिरिजेश गुप्ता अमित दुबे राजीव शर्मा शरद ठाकुर सुनीता मनहर प्रतिमा यादव दीपक देवांगन प्रभाकर बाघमार रमेश नाहटा लोकेश साहू कैलाश बिसाई शुभम जैन मनीष माधवानी गौतम वाधवानी संदीप सारडा जितेंद्र निर्मलकर बहुरनेताम मोहन साहू दुष्यंत साहू सहित सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ताओं ने बधाई दी है।

## कलेक्टर ने धान खरीदी केंद्रों का किया निरीक्षण

### धान उठाव में तेजी लाने व हमालों को निर्धारित पारिश्रमिक भुगतान के निर्देश

### अब तक जिले में128140 किसानों से 588728 मेट्रिक टन धान खरीदी

**बलौदाबाजार,/समय दर्शन )।** कलेक्टर दीपक सोनी ने रविवार को बलौदाबाजार स्थित नवीन कृषि उपज मंडी एवं लाहोद उपार्जन केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने समर्थन मूल्य में धान खरीदी अंतर्गत अब तक की खरीदी, किसानों की संख्या, धान उठाव, प्रति क्विंटल वजन आदि की जानकारी प्रबंधको से ली और मिलरो के द्वारा धान उठाव में तेजी लाने सहित हमालों को शासन द्वारा निर्धारित पारिश्रमिक भुगतान के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने नवीन कृषि उपज मंडी में वजन कर रखे गए धान को इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीन से वजन करवाकर जांच किया और निर्धारित मात्रा से अधिक धान नहीं लेने के निर्देश दिए। उन्होंने वहां मौजूद हमालों से पारिश्रमिक भुगतान एवं अन्य समस्याओं के बारे में पूछ- ताछ की। इसीतरह उपार्जन केंद्र लाहोद में कलेक्टर ने पंजियों में प्रविष्टियों का अवलोकन करने के साथ ही धान खरीदी, धान उठाव ,रकबा समर्पण एवं धान रखने के स्थान आदि की जानकारी ली।

अब तक 588728 मेट्रिक टन धान खरीदी - 15 नवम्बर 2024 से शुरू हुए समर्थन मूल्य में धान खरीदी अंतर्गत 4 जनवरी 3025 तक जिले में128140किसानों से 588728 मेट्रिक टन धान की खरीदी हो चुकी है जिसके एवज में किसानों को 1354 करोड़ रुपये का भुगतान जिला सहकारी बैंक के द्वारा किया गया है।वहीं उपार्जन केंद्रों से



13700 मेट्रिक टन धान का उठाव कर लिया गया है।

गौरतलब है कि जिले में 1 लाख 67 हज़ार 787 किसानों ने धान बेचने के लिए पंजीयन कराया है। जिले की 129 समितियों के 166 उपार्जन केंद्रों के माध्यम से उनका धान खरीदा जाएगा। इस दौरान खाद्य अधिकारी विजय किरण, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के नोडल अधिकारी जी. एन. साहु सहित सहकारिता विभाग के अधिकारी मौजूद थे।

## सैमसंग इंडिया ने बिग टीवी डेज़ कैम्पेन की घोषणा की, एआई-पावर्ड प्रीमियम टीवी की रेंज पर आकर्षक ऑफर्स का लाभ उठाएं

**गुरुग्राम:** भारत का सबसे बड़े कंज्यू मर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड, सैमसंग ने नए साल और गणतंत्र दिवस के मौके पर 'बिग टीवी डेज़' कैम्पेसन लॉन्च किया है। इसमें बड़े स्क्रीन वाले प्रीमियम टीवी पर शानदार ऑफर्स दिए जा रहे हैं। इनमें नियो क्यूएलईडी 8 के, नियो क्यूएलईडी 4 के, ओएलईडी और 4 के यूएचडी टीवी के मॉडल शामिल हैं। यह कैम्पेरन 3 जनवरी से 31 जनवरी 2025 तक चलेगा। जो उपभोक्ता अपने घर पर मनोरंजन के अनुभव को और बेहतर बनाना चाहते हैं, वे इस अविश्सवनीय मौके का लाभ उठा सकते हैं। सैमसंग चुनिंदा खरीदारी पर 2,04,990 रुपये तक का मुफ्त टीवी और 99,990 रुपये तक के मुफ्त साउंडबार्स दे रहा है। सैमसंग के प्रीमियम टीवी देश भर में लोगों के लिए टीवी देखने के अनुभव को बेहतर बना रहे हैं। यह एआई अपस्केलिंग और शानदार तकनीक से लैस हैं। इनसे तस्वीरें और अधिक स्पष्ट, साफऔर असली लगती हैं। नए साल में सैमसंग उपभोक्ताओं को क्रांतिकारी ऑडियो-विजुअल अनुभव देने के लिए तैयार है। ग्राहक 20 प्रतिशत तक कैशबैक, ज़ीरो डाउन पेमेंट और 30 महीने तक की सबसे कम ईएमआई का लाभ उठा सकते हैं। ये आकर्षक ऑफर्स Samsung.com, प्रमुख ऑनलाइन पोर्टल्स और भारतभर के सैमसंग रिटेल आउटलेट्स पर उपलब्ध हैं। सैमसंग इंडिया में विजुअल डिस्प्ले बिजनेस के सीनियर डायरेक्टउर विप्लेश डांग ने कहा, सैमसंग में हम अपने 'बिग टीवी डेज़' कैम्पेनन के साथ घरेलू मनोरंजन को एक नई परिभाषा दे रहे हैं।

## तीन दिवसीय गुरु घासीदास जयंती आज से

**बिर्रा समय दर्शन ।** जनपद पंचायत जैजैपुर के अंतर्गत आयुर्वेद ग्राम पंचायत किकिरदा के अंबेडकर चौक के पास में 6 जनवरी दिन सोमवार से तीन दिवसीय बाबा गुरु घासीदास जयंती समारोह कार्यक्रम का आयोजन रखा गया है। इस दौरान पंथी नृत्य का कार्यक्रम होगा जिसमें प्रथम पुरस्कार 15000 रुपये, द्वितीय पुरस्कार 11000 रुपए और तृतीय पुरस्कार 9000 रुपए, चतुर्थ पुरस्कार 7000 रुपए पंचम पुरस्कार 5000 रुपए आदि पुरस्कार रखा गया है। जिसका समापन 8 जनवरी दिन बुधवार को होगा। आयोजन को लेकर समस्त ग्रामवासियों के द्वारा तैयारी की जा रही है।

## ज्ञानोदय में आर्ट,क्राफ्ट एवं विज्ञान प्रदर्शनी आज

**जाँजगीर समय दर्शन //** ज्ञानोदय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जांजगीर हिंदी एवं अंग्रेजी माध्यम में दिनांक 06 जनवरी 2025 सोमवार को प्रातः 11.00 बजे से आर्ट,क्राफ्ट एवं विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। उक्त कार्यक्रम में विद्यालय के कक्षा नर्सरी से बारहवीं तक के विद्यार्थी विभिन्न प्रकार के कला तथा चलित एवं अचलित प्रादर्शों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। उक्ताशय की जानकारी विद्यालय के प्राचार्य डॉ .सुरेश यादव द्वारा दिया गया है।

# अंत्योदय के लक्ष्य पर प्रत्येक कार्यकर्ता चले, यही होगा लक्ष्य - सुरेंद्र कौशिक

### भाजपा के दुर्ग जिला अध्यक्ष बने सुरेंद्र कौशिक

### शांति और सौहार्दपूर्ण माहौल में चुनाव संपन्न हुआ यही पार्टी के अनुशासन को दर्शाता है- भूपेंद्र सवन्नी

### विपक्ष में पार्टी के हर कार्यकर्ता ने क्षमता से अधिक कार्य किया है - जितेंद्र वर्मा

**दुर्ग ( समय दर्शन )।** भारतीय जनता पार्टी के संगठन चुनाव अंतर्गत दुर्ग जिला भाजपा अध्यक्ष के नाम घोषणा को लेकर भाजपा कार्यालय में महत्वपूर्ण कार्यकर्ताओं का सम्मेलन हुआ दुर्ग जिला निर्वाचन अधिकारी एवं दुर्ग संभाग प्रभारी प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी के मुख्य आतिथ्य और निवर्तमान जिला अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा की अध्यक्षता में जिला संगठन प्रभारी राजीव अग्रवाल, विधायक ललित चंद्राकर, गजेंद्र यादव, ईश्वर साहू, पूर्व कैबिनेट मंत्री जागेश्वर साहू, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राकेश पाण्डेय, चंद्रिका चंद्राकर, पूर्व विधायक बालमुकुंद देवांगन, सावलाराम डहरे, जिला सह निर्वाचन अधिकारी उषा टावरी, भाजपा नेता प्रितपाल बेलचंदन, कांतिलाल बोथरा, शिव चंद्राकर, उपाध्यक्ष राजेन्द्र पाध्ये, डॉ. मानसी गुलाटी, उपस्थित रहे।

सैकड़ो कार्यकर्ताओं के बीच जिला चुनाव अधिकारी भूपेंद्र सवन्नी ने जिला अध्यक्ष के रूप में सुरेंद्र कौशिक के नाम की घोषणा की। इसके बाद पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं द्वारा उनका भव्य स्वागत किया।

घोषणा से पूर्व भाजपा दुर्ग संभाग प्रभारी और जिला चुनाव अधिकारी भूपेंद्र सवन्नी ने संबोधित करते हुए कहा कि जिला अध्यक्ष के रूप में जितेंद्र वर्मा का कार्यकाल ऐतिहासिक रहा है, इस कार्यकाल में दुर्ग जिले ने कई नए कीर्तिमान स्थापित किये। जिले की 5 में से 4 विधानसभाओं में जीत, लोकसभा में रिकॉर्ड तोड़ जीत, संगठन पर्व में प्राथमिक और सक्रिय सदस्यता अभियान में लक्ष्य से कहीं अधिक सदस्य बनाये। पार्टी का हर अभियान, कार्यक्रम, विरोध प्रदर्शन पूरी गंभीरता के साथ सफल हुआ। पूर्ण विजय तभी होगी जब पंच से लेकर प्रधानमंत्री तक भाजपा का होगा और इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए भाजपा का संगठनात्मक ढांचा मजबूत होना जरूरी है। संगठन पर्व के माध्यम से अच्छा और कुशल



नेतृत्व देने जा रही है। जितेंद्र वर्मा ने जिला अध्यक्ष रहते अच्छी टीम भावना के साथ काम किया। समन्वय के साथ सबको साथ लेकर काम किया जिसका परिणाम रहा कि दुर्ग जिले का परचम अब हर जगह लहराने लगा है। अब नए जिला अध्यक्ष के लिए भी एक नई चुनौती रहेगी कि कैसे पुराने कीर्तिमानों को तोड़कर नया लक्ष्य बनाएं।

उन्होंने कहा कि पूर्व में पूरी कांग्रेस पार्टी की सरकार दुर्ग जिले से संचालित होती थी और उस सरकार को उखाड़ फेंकने में महत्वपूर्ण भूमिका दुर्ग जिले ने निभाई है दुर्ग जिले के कार्यकर्ताओं ने हमेशा अपनी मेहनत और ताकत से सिर्फएवं प्रदेश नेतृत्व के द्वारा दिए गए सारे कार्यक्रम को सफल बनाए हैं। आगामी नगरीय निकाय चुनाव एवं पंचायत चुनाव में सबका दायित्व है कि हर जगह पार्टी की जीत सुनिश्चित हो।

जिला प्रभारी राजीव अग्रवाल ने कहा कि मंडल अध्यक्ष का चुनाव शांति और उत्साह से हुआ इसके बाद जिले के चुनाव में भी निर्वाचन की प्रक्रियाएं तीन चरण में चली 127 सूचीबद्ध कार्यकर्ताओं से चर्चाएं की गई, उनसे नाम लेकर प्रदेश नेतृत्व में चर्चा हुई, फिर शीर्ष नेतृत्व में भी चर्चा के बाद नाम तय हुआ। अब कार्यकर्ताओं का समय आ गया है नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव में हर कार्यकर्ता चुनाव लड़ना चाहेगा पार्टी जिसे भी टिकट दे आप सभी का दायित्व है उसे चुनाव जीता कर लाना है।

भाजपा जिला अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा ने कहा कि कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत और समर्पण से काम करने के कारण कांग्रेस की जड़ों को दुर्ग जिले से उखाड़ कर फेंका है। पार्टी ने मुझे जिला अध्यक्ष के रूप में जब दायित्व दिया तो प्रदेश के सारे बड़े कांग्रेस के नेता इसी जिले से आते थे चार-चार मंत्री विधायक स्वयं मुख्यमंत्री इसी जिले में थे उसके बावजूद सभी ने कड़ी मेहनत करके प्रदेश में फिर से भाजपा की सरकार लाने में अपनी भूमिका निभाई। संगठन चुनाव के समय लक्ष्य से 5 प्रतिशत ज्यादा और 96 प्रतिशत ऑनलाइन मोड से सदस्यता कराई, वह भी एक रिकॉर्ड है। ना भूतो ना भविष्यति ऐसा रिकॉर्ड टूट न पाएगा।

नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने इस अवसर पर कहां की आज पार्टी ने मुझसे छोटे कार्यकर्ता को जिला अध्यक्ष का दायित्व दिया है इसके लिए मैं हृदय से धन्यवाद सिर्फ प्रदेश एवं जिले के वरिष्ठ नेताओं को हृदय से धन्यवाद ज्ञापित करता हूं। पार्टी का हर कार्यकर्ता बहुमूल्य है और उनके दायित्व के अनुरूप उन्हें अपनी भूमिका निभानी होगी। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पं. दीनदयाल उपाध्याय का स्वप्न अंत्योदय के लक्ष्य पर हर कार्यकर्ताओं को चलना होगा और पार्टी की ताकत को बढ़ानी होगी।

ग्रामीण विकास प्राधिकरण एवं पिछड़ा वर्ग आयोग के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि संगठन में गाइडलाइन के अनुरूप दायित्व बदलाव होता रहता है। नए जिला अध्यक्ष के साथ काम करने में सभी एक सहयोगी के रूप में अपनी भूमिका तय करें।

विधायक गजेंद्र यादव ने कहा कि आज की ऐतिहासिक उपस्थिति और माहौल बताता कि दुर्ग में कांग्रेस का अस्तित्व खत्म होकर रहेगा और एक अनुभवी व्यक्ति जिला अध्यक्ष बन रहा है तो संगठन के कार्य आसानी से होंगे। राष्ट्रीय नेतृत्व ने एक ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए 45 साल के अंदर के युवाओं को मंडल अध्यक्ष का दायित्व दिया। उनके जोश और कार्यशैली से पार्टी और नए आयाम को प्राप्त करेगी। साजा विधायक ईश्वर साहू ने कहा कि पार्टी को अपना एक नया अध्यक्ष मिलेगा। कार्य करने में और अधिक कुशलता प्राप्त होगी हम सभी आपसी तालमेल बनाकर पार्टी को और अधिक ऊंचाई की ओर लेकर जाएंगे। जिला चुनाव सम्मेलन का संचालन जिला उपाध्यक्ष राजेन्द्र कुमार पाध्ये ने किया।

# सावित्रीपुर स्कूल में वार्षिक खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का समापन

**बसना (समय दर्शन)।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सावित्रीपुर में वार्षिक खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जो 4 जनवरी को समाप्त हुआ । प्रारंभिक दो दिनों में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में बच्चों ने उत्साह के साथ भाग लिया एवं खेल संबंधी नियमों ,अनुशासन , खेल भावना को समझा।सफलता असफलता से परे सहभागिता की खुशी को अनुभव किया।अंतिम दिवस सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन रखा गया। जिसमें विभिन्न शैली में छात्रों ने अपने नृत्य की प्रस्तुति दी।कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि बच्चों की




क्रियाशीलता से आनंदित हुए। कार्यक्रम में हेमंत कौशिक,पुरुषोत्तम धृतलहरे, कंवल जीत सिंह छाबड़ा,श्रीमती आरती छबिलाल रात्रे ,सावित्रीपुर सरपंच शिवकुमारी मलिनदास मानिकपुरी ,सरजू नाग,प्रदीप बारिक,ललित मिश्रा,एसएमडीसी अध्यक्ष केतब बारिक,गोकुलानंद प्रधान जी, दिलीप प्रधान , सेजेस सांकरा प्राचार्य दीपक देवांगन, पुरुषोत्तम बारीक,अविनाश चंद्र साहू ,गुण सागर नायक ,आशीष प्रधान, मोहगांव प्रधानपाठक भोजराज प्रधान सर ,सरपंच प्रतिनिधि मलिनदास मानिकपुरी ,दीपक अनंत,लाला निराला ने संपूर्ण आयोजन में विशेष सहयोगी एवं मार्गदर्शन के रूप में उपस्थिति दी ।प्राचार्य श्री प्रसाद सिदार सर ने अपने वक्तव्य में आगंतुक अतिथियों,पालकों,ग्राम वासियों एवं छात्र-छात्राओं को आयोजन की सफलता पर शुभकामनाएं प्रेषित की ।विद्यालय विकास में विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग करने वाले अतिथियों एवं कार्यकर्ताओं को विद्यालय परिवार की ओर से प्रतीक चिन्ह,श्रीफल और शॉल से सम्मानित किया गया।विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना योगदान दिया । इस दौरान बी डी साहू ,पी एल चौधरी ,एन के साहू , सविता जलछत्री, सुभाष सिंह, उत्तम भोई, पुष्कर कल्ला, डी के भारती, एस एल पटेल , एन के जलछत्री, प्रवीण साहू ,नन्द मैडम,शेषनारायण ध्रुव ,महेंद्र तांडी ,जयंती सागर , वीना मैडम की सक्रिय भागीदारी रही।कार्यक्रम का संचालन डी के भारती एवं सुभाष सिंह द्वारा किया गया।

## संक्षिप्त-खबर

### महतारी वंदन योजना में फर्जी तरीके से लाभ लेने वालों की अब खैर नहीं

**रायपुर।** महासमुंद ब्लॉक में महतारी वंदन योजना के फर्जीवाडे के खुलासे के बाद महासमुंद जिला कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने महिला बाल विकास विभाग को आदेश दिया है कि जिले में जितने भी अपात्र लोगों द्वारा महतारी वंदन योजना का लाभ ले रहे हैं उन सभी को चिन्हांकित कर उनका अकाउंट होल्ड किया जाए। जो अपात्र है उनसे रिकवरी की कार्रवाई कर सरकार के खाते में राशि जमा कराई जाए। कलेक्टर के आदेश के बाद महासमुंद महिला बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी समीर पांडे ने सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं सभी सेक्टर के सुपरवाइजरों को आदेशित किया है कि 25 जनवरी तक सभी हितग्राहियों के फार्म की जांच कर संदेहियों के खाते की होल्ड किया जाए और जो स्वयं से चलकर नाम कटवाने पहुंच रहे हो उनसे शासन की राशि की वापसी पर कार्रवाई करें।

### मुख्यमंत्री साय आज करेंगे, महासमुंद में विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमि पूजन



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सोमवार 6 जनवरी को महासमुंद में प्रस्तावित भूमिपूजन एवं लोकार्पण कार्यक्रम में पहुंचेंगे। इस संबंध में विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा एवं कलेक्टर विनय कुमार लंगेह द्वारा महासमुंद मुख्यालय स्थित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी शासकीय आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में जाकर तैयारियों का जायजा लिया। इसके साथ ही हेलीपैड पर की जा रही तैयारियों का भी निरीक्षण किया। विधायक श्री सिन्हा ने मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर की जा रही तैयारियां का जायजा लिया और आवश्यक निर्देश दिए हैँ। कलेक्टर ने मंच व्यवस्था के साथ विशिष्ट व्यक्तियों और नागरिकों के प्रवेश द्वार और निकासी द्वार की जगह का भी अवलोकन किया। उन्होंने पार्किंग व्यवस्था के लिए भी दिशा-निर्देश दिए। अन्य आवश्यक तैयारी करने के निर्देश सभी विभागों को दिए गए। महासमुंद कलेक्टर विनय कुमार लंगेह साथ जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे थे।

### दुर्ग ग्रामीण क्षेत्रों में पेड़ों की अंधाधुंध अवैध कटाई



**दुर्ग।** दुर्ग ब्लाक के ग्रामीण क्षेत्र में पेडों की अवैध कटाई अंधाधुंध ढंग से किया जा रहा है। पेड़ तस्करो के हौसले इतने बुलंद है कि शासन द्वारा सरंक्षित अर्जुन वृक्ष की कटाई सबसे ज्यादा किया जा रहा है। रातो रात खेत से पेड़ काट दिए जाते है मगर प्रशासन व पुलिस को इसकी भनक तक नहीं लगती। पेड़ कटने के बाद शिकायत पर भी बड़ी करवाई नही होती। ग्राम मचानदूर में अवैध पेड़ कटाई मामले में कलेक्टर में जनदर्शन में शिकायत किया गया है। अर्जुन पेड़ की कटाई मामले में ओमकार सिंह राजपूत सहित अन्य ने कार्रवाई की मांग की है। शिकायतकर्ता ओमकार राजपूत ने बताया कि मचांदुर में उनके खेत है । जिसमें लगे तीन दर्जन अर्जुन वृक्ष को काट दिया गया है । उन्होंने शिकायत में कहा कि खसरा नंबर 1298 रकबा 0.1 है जिसमें विगत दिनों रात में न सिर्फ पेड़ की कटाई की गई बल्कि अवैध मुरूम खनन बगैर परमिशन के किया गया है । उन्होंने कलेक्टर थाना चौकी मचानदूर और तहसीलदार से शिकायत की है इस मामले में पटवारी राजेश मरकाम ने बताया कि शिकायत पर जांच की गई है जमीन मालिक सौरभ सिंह का कहना है कि पैरों की कटाई उन्होंने कराई है रिपोर्ट में उन्होंने बगैर परमिशन की कटाई करना स्वीकार किया है पटवारी ने बताया कि रिपोर्ट तहसीलदार क्षमा यदु को सौंप दिया गया है।

# पत्रकार मुकेश चन्द्राकर की निर्मम हत्या करने वाले तीनों राक्षसो को फाँसी की सजा देने उठी मांग





- पत्रकार कल्याण महासंघ के ब्लाक,जिला व प्रदेश टीम ने बसना सहित विभिन्न जगह मुकेश चन्द्रकार के हत्यारों को फाँसी की सजा देने की मांग करते हुए छ ग के गृहमंत्री एवं डीजीपी के नाम ज्ञापन सौंपा गया



**बसना (समय दर्शन)।** पत्रकार मुकेश चन्द्राकर की निर्मम हत्या करने वाले तीनों राक्षसों को फांसी देने की मांग पर बसना सहित महासमुन्द व छत्तीसगढ़ के पत्रकार गण मुखर होने लगे हैं ।

बीजापुर बस्तर के युवा पत्रकार मुकेश चंद्राकर की निर्मम हत्या ने बस्तर के साथ समूचे छ.ग.सहित देश भर के पत्रकार जगत को झकझोर कर रख दिया है। एक निर्भीक निडर सच्चाई को दिखाने वाले पत्रकार की इस तरह से निर्मम हत्या से पूरे देश के पत्रकारों में भारी आक्रोश है और पूरा पत्रकार जगत में पत्रकार सुरक्षा कानून की मांग फिर से एक बार उठने लगी है। अघोषित रूप से संविधान के इस चौथे स्तंभ की जो दुर्दसा आज बस्तर में देखने मिल रही है। इससे सभी पत्रकार आशंकित है कि, ऐसी घटना पत्रकारों के साथ होने वाली जानलेवा घटना अब और कितने पत्रकारों के साथ घटित होगी। पत्रकार कभी किसी व्यक्ति विशेष का विरोधी नहीं होता है। पत्रकार समाज के निचले स्तर तक सामाजिक सरोकार और जनकल्याण के कार्यों को सही सही पहुंचाने के लिए अपनी जान जोखिम में डालकर कार्य करते हुए सरकार, सत्ता और प्रशासनिक सिस्टम को सही दिशा की तरफ आईना दिखाने का कार्य करते है ।

पत्रकार मुकेश चंद्राकर भी ऐसे ही थे,, जिनके निर्मम हत्या ने पत्रकारों की सुरक्षा के बड़े-बड़े दावे करने वाले सत्ताधीशों व सच्चे पत्रकारों के दुश्मन प्रशासनिक सिस्टम में बैठे सरकारी दलालों की वास्तविक वस्तु स्थिति को प्रदर्शित करता है। छ.ग.प्रदेश में सच्चे पत्रकार आखिर कब तक भ्रष्ट सरकारी सिस्टम के साजिशों का शिकार होते रहेंगें। एक के बाद एक भ्रष्ट प्रशासनिक सिस्टम में बैठे सरकारी खजाने को लुटने वाले प्रशासनिक सरकारी दलाल, सच्चे पत्रकारिता को लगातार निगल रहे है। छ.ग.मे ग्राम पंचायत से लेकर जनपद जिला प्रदेश भर में लगातार भ्रष्टाचार भ्रष्टाचारियों का पोल खोलने वाले सच्चे पत्रकारिता को खत्म करने का यह षड्यंत्र कभी सफल नहीं हो सकता है। भले ही मुकेश चंद्राकर षड्यंत्र का शिकार होकर आज हमारे बीच नहीं हैं,, लेकिन उनके द्वारा किए गए जनहित के मुद्दे, समस्या और उनके संघर्ष हमेशा याद रहेंगे,, क्योंकि बीजापुर बस्तर के मुकेश चंद्राकर द्वारा किए गए कार्य सच्चे पत्रकारिता के साथ एक विचारधारा भी है।

**पत्रकार की हत्या कर छत्तीसगढ़ को कलंकित करने वाले 3 दोगले राक्षस-** बस्तर के दबंग पत्रकार मुकेश चंद्राकर की बस इतनी सी गलती है कि उसने करोड़ों अरबों के घोटाले बाज के खिलाफ मुखर होकर घोटाले बाज के कारनामों को बड़े ही बेबाकी के साथ आम जनता तक पहुंचाने का काम किया। जिसका नतीजा एक पत्रकार को अपनी जान देकर चुकानी पड़ी है। छत्तीसगढ़ राज्य सरकार और विपक्ष के नेता एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगाकर राजनीतिक रोटी सेकने के लिए फेस बुक, ट्यूटर और इंस्टाग्राम पर बैठ कर सिर्फ आरोप प्रत्यारोप कर रहे हैं।

छत्तीसगढ़ मे बसना सहित राजधानी रायपुर के पत्रकार आज राज्यपाल महोदय के दरवाजे पर पत्रकार सुरक्षा की मांग को लेकर ज्ञापन देने पहुंचे थे। जहां पत्रकारों को पुलिस वाले दरवाजे पर रोक लिए। पत्रकारों के लाख कोशिश के बाद भी राज्यपाल महोदय से ना तो मिलने दिया गया और ना ही पत्रकारों से ज्ञापन लिया गया।

इस बात से अंदाजा लगाया जा सकता है कि, शासन प्रशासन पत्रकारों की सुरक्षा को लेकर कितने संवेदनशील है?

गौरतलब है कि शासन प्रशासन के सहयोग से जनता की गाढ़ी कमाई पर रसोइए से अरबपति बने एक ठेकेदार ने सिर्फ पत्रकार मुकेश चंद्राकर की हत्या नहीं की है। उसने 140 करोड़ आबादी वाले लोकतांत्रिक देश के संविधान की हत्या की है। जहां भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाने वाले पत्रकारों की निर्मम हत्या कर उन्हें सेप्टिक टैंक में फेंक दिया जाता है फिर किसी झूठे ब्लैक मेलिंग के आरोप में थाने में केश दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया जाता है।

निर्भीक पत्रकार मुकेश चंद्राकर की हत्या के बाद आज फिर से देश के पत्रकारों को एक मंच पर एक सूत्र में पत्रकार सुरक्षा की मांग को लेकर आवाज उठाते देखा जा रहा है। क्या ये आवाज सरकार की कान तक पहुंचेगी? क्या छत्तीसगढ़ राज्य के मुखिया अपनी संवेदनशीलता दिखाते हुए पत्रकारों की सुरक्षा की जवाबदेही तय करेंगे?

पत्रकारों ने, उन तीनो कातिलों एवं इस केस मे संबंधित सभी गुनाहगारों को फाँसी की सजा देने की मांग कर रही है।

# केशरपुर में भागवत कथा में शामिल हुए विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल



**बसना (समय दर्शन)।** बसना विधानसभा क्षेत्र के अंतिम छोर वनांचल क्षेत्र में बसे ग्राम केसरपुर (पचपेड़ी) में चल रही श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह के समापन अवसर पर धार्मिक कार्यक्रम में बसना विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल शामिल हुए। उन्होंने सर्वप्रथम श्रीमद्भागवत कथा पुराण की पूजा अर्चना कर मंचासीन अयोध्या से पधारे कथावाचिका सुश्री राधिका किशोरी का अंगवस्त्र से सम्मान कर आशीर्वाद प्राप्त किये तथा उपस्थित जन समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि संतों व ज्ञानियों के सत्संग से ही व्यक्ति का कल्याण संभव है। संत जन भागवत कथाओं के माध्यम से धार्मिक ग्रन्थों से ज्ञान रूपी अमृत को समाज के बीच पहुंचा रहे हैं, जो वर्तमान भौतिकतावादी समय में अति आवश्यक हैं। इस अवसर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश अग्रवाल, कथा आयोजक जवाहर चौधरी, समनलाल पटेल, टीटू अग्रवाल, पूर्व जनपद पंचायत बसना उपाध्यक्ष गोपाल नायक, भाजपा पिरदा मण्डल अध्यक्ष अभिमन्यु प्रधान, उपाध्यक्ष इंदल साव,डिंगरो पटेल, गोपाल पटेल, जनपद सदस्यगण पिथौरा अमृत पटेल, हेमलाल सिदार,बम्हनी सरपंच उमेश प्रधान, परधिया सराईपाली सरपंच सदानंद नायक, आरंगी सरपंच श्रीमती रुपकुमारी टेकचंद पटेल, किसान मोर्चा अध्यक्ष नीलमणि बारीक,दीनबंधु नायक, कुंजलाल चौधरी, चक्रधर चौधरी, शोभाराम नायक, जगदीश नायक, ललित पटेल, बिहारीलाल पटेल, पिताम्बर पटेल, श्रीमती गैसमोती पटेल सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

# गुरू गोविन्द सिंह जी के साहिबजादों के अमर बलिदान को स्कूल शिक्षा पाठ्यक्रम में शामिल करने पर, सिक्ख समाज ने जताया आभार



**बसना (समय दर्शन)।** गुरु सिंघ सभा के प्रधान जसवंत सिंह सलूजा ने गुरु गोविन्द सिंह जी के वीर साहबजादो बाबा जोरावर सिंह जी और बाबा फतेह सिंह जी के अमर बलिदान की कहानी छत्तीसगढ़ के स्कूली बच्चों को पढ़ाई कराने का ऐतिहासिक निर्णय का बसना सिक्ख समाज के प्रधान सलूजा जी एवं सम्पूर्ण सिक्ख समाज बसना ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया है। इस ऐतिहासिक निर्णय पर सलूजा जी ने कहा कि, माननीय मुख्यमंत्री जी का निर्णय सिर्फसिक्ख समाज का नहीं अपितु छत्तीसगढ़ के सनातन धर्म का सम्मान है। बलिदानी साहबजादो की ऐतिहासिक बलिदानी शिक्षाओं को सभी छत्तीसगढ़ के समुदाय सहरायेंगे और साथ ही साथ इन शिक्षाओं को नई पीढ़ी जो आधुनिक काल के बच्चे बलिदान की वीर गाथा से प्रेरित होंगे। दूर दूरांचल क्षेत्र के लोग जो इन शिक्षाओं से अनभिज्ञ थे वे, गूरूओ के बलिदान की अमर गाथा को बहुत अच्छे से समझ पाएंगे। लोग सनातन धर्म के प्रति अपनी जिम्मेदारी को भलीभांति समझ पायेंगे ।

## 40 पाव देशी शराब के साथ पकड़ाया कोचिया

**भाटापारा।** जिले के थाना भाटापारा ग्रामीण पुलिस ने अवैध रूप से बिक्री करने के लिए शराब ले जाते हुए एक शराब कोचिये को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से पुलिस ने 4400 कीमत मूल्य का 40 पाव देशी मसाला शराब जप्त किया है।बता दें कि आपरेशन विश्वास के तहत थाना भाटापारा ग्रामीण पुलिस द्वारा शराब कोचियों की धरपकड़ कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में दिनांक 04.01.2024 को थाना भाटापारा ग्रामीण की पुलिस टीम द्वारा ग्राम सुरजपुरा में घेराबंदी कर मोटरसाइकिल के माध्यम से बिक्री करने के लिए अवैध रूप से शराब ले जाते हुए 01 शराब कोचिया फिरत यदू उम्र 45 साल निवासी ग्राम सुरजपुरा को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी से 4400 कीमत मूल्य का 40 पाव देशी मसाला शराब एवं अवैध रूप से शराब परिवहन में प्रयुक्त मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 04 डीवाय 1497 भी जप्त किया गया है। आरोपी के विरुद्ध थाना भाटापारा ग्रामीण में धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर जेल भेजने की प्रक्रिया की जा रही है।

# मुंबई मे गुरूघासीदास जयन्ती समारोह का भव्य आयोजन

**मुंबई (समय दर्शन)।** गुरु पर्व के पावन अवसर पर गुरु घासीदास जी की 268 सी जयंती के अवसर पर सतनामी समाज सामाजिक संघ मुंबई महाराष्ट्र द्वारा 18 दिसंबर से 31 दिसम्बर गुरू पर्व पखवाडा अंतर्गत गुरू घासीदास जी की 268वी जयन्ती गुरू पर्व 2024 को भवाय रूप से मनाया गया।





इस भव्य गुरूघासीदास जयंती समारोह मे मुख्य अतिथि छत्रपति शिवाजी महाराज विश्वविद्यालय नवी मुंबई के कुलपति प्रो. डॉ. केसरी लाल वर्मा जी थे विशिष्ट अतिथि मुंबई के वरिष्ठ समाजसेवी एवं साहित्यकार दिनेश कुमार जी साध थे। मुख्य अतिथि ने सतनाम दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ किया एवं गुरूवंदन की सामूहिक आरती की गई। विधि विधान से पूजन कर श्वेत खाम में पालो चढ़ाया गया। मुम्बई सतनामी समाज की ओर सेअध्यक्ष एच आर पाटले ने मुख्य अतिथि डा वर्मा जी का आत्मीय स्वागत शाल श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर किया। सचिव रमेश कुमार मौर्य ने विशिष्ट अतिथि दिनेश कुमार साध जी का शाल श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया। उद्बोधन की स्वागत भाषण कडी में अध्यक्ष एच आर पाटले ने सभी आमंत्रित अतिथियों का तन मन धन से समर्पित समाज जनों का आभार व्यक्त किया। मुख्य अतिथि ने ईश्वरीय अवतार सतपुरूष बाबा गुरुघांसीदास जी के मनखे मनखे एक समान के मूल मंत्र पर प्रकाश डालते हुये मानव जीवन में एकता

भाईचार बंधुता को बनाए रखने पर जोर दिया। विशिष्ट अतिथि दिनेश साध जी ने सतनाम के सात संदेश एवं बियालिस गुरुह्माणियों को विस्तार से बतलाते हुये जन जन को अपने जीवन में आत्मसात करने की अपील की। आयोजन समिति के सदस्यों ने सामुहिक पंथी नृत्य कर समा बाधे रखा। महानगर में दूर दूर से समाज जन भारी संख्या में शामिल हुये थे। मौके पर संघ कोर ग्रुप के विमल माडरे ने भी मधुर स्वर में पंथी गीत गा कर सभी को थिरकने मजबूर कर दिया। आयोजन के दौरान सदस्यों का परिचय एवं सेल्फी जोन में पारिवारिक फोटो शेसन भी होता रहा। मौके पर सचिव रमेश मौर्य, कोषाध्यक्ष डी एस माडले, दिलीप मारकंडे, दिलिप लहरे, दिलिप बघेल, गोरव ओग्रे, जानी जांगडे, प्रकाश सोनी, जवाहर गेंदले, टुकेश्वर रत्नाकर, शिवकुमार कोशले, सुश्री निलीमा खारदे एवं पूरे महानगर के कोने कोने से समाज जन सहित अमदाबाद से भी सतनामी समाज प्रमुख जन शामिल हुये थे। संघ के अध्यक्ष एच आर पाटले जी के संयोजन में हुये इस आयोजन के लिये छत्तीसगढ़ से राजमहंत पी के घृतलहरे, पी एल कोसरिया, सी आर टंडन, मोहर साय अजय, विनोद कुमार चेलक अध्यक्ष सतनामी कमर्चारी कल्याण समिति कसडोल ने उनके प्रशंसा किये। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती दीपा मौर्या एवं जवाहर गेंदले ने किया।

स्वामित्वधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक रोहित खड़तकर द्वारा समय दर्शन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स ग्राम छाटा, पोस्ट देवादा, तहसील पाटन, जिला दुर्ग (छ.ग.) 491111 से मुद्रित कर बी-4, प्रेस काम्प्लेक्स, इंदिरा मार्केट, दुर्ग छ.ग. 491001 से प्रकाशित। संपादक :- रोहित खड़तकर,
समाचार संपादक : दामोदर राव, फोन नं.-0788-4051213, मो. 9827104452, रायपुर कार्यालय:-0771-4218364, ईमेल - samay.darshan191@gmail.com पं. क्र. CHHHIN/2011/41517 डाक पंजीयन क्रमांक छ.ग./दुर्ग/61/2021-23